दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 19 | टोंक | शुक्रवार,23 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

मुख्यमंत्री ने विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट का किया उद्घाटन

उत्तर भारत के पहले हाइड्रोलिक प्लांट से, रोजगार को मिलेगा बढ़ावा : सीएम शर्मा

निवेशकों को राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में शुरू हो रहे उत्तर भारत के पहले विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा तथा यह राज्य की आर्थिक प्रगति में भी सहायक होगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 9-11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट में निवेशकों को आमंत्रित भी किया। शर्मा गुरूवार को महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक सिलेंडर का आज कन्स्ट्रक्शन, अर्थमूविंग, यूटिलिटी एवं लिफ्टिंग, कृषि, वानिकी, खनन जैसे अनेक क्षेत्रों में उपयोग हो रहा है। ऐसे में देश-विदेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह संयंत्र उपयोगी साबित होगा। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इस संयंत्र का आगे विस्तार भी किया जाएगा।

अजीम प्रेमजी की दूरदर्शिता से आज विप्रो बनी दिग्गज कंपनी

मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेमजी का जयपुर में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट की शुरूआत करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी ने विप्रो का 53 वर्ष तक नेतृत्व किया है तभी विप्रो आज इस मुकाम तक पहुंची है। एक कॉर्पोरेट समूह के रूप में विप्रो की देश-दुनिया में प्रतिष्ठा है। आईटी, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में यह दिग्गज कंपनी मानी जाती है। साथ ही, प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतरीन काम कर रहा है। विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने कहा कि हाइड्रोलिक प्लांट की स्थापना के लिए उत्तर भारत में सर्वाधिक उपयुक्त जगह हमें राजस्थान लगा तथा भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी हमें पूरा सहयोग दिया। सरकार द्वारा समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध होने से कम समय में ही यह प्लांट बनकर तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तहत राजस्थान में शिक्षा गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाइड्रोलिक प्लांट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक कैलाश वर्मा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ दीपक शेट्टी, विप्रो हाइड्रोक्यूलिस अध्यक्ष सीताराम गणेशन सहित विप्रो कंपनी के पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्य में बिजली-पानी की उपलब्धता के लिए निरंतर हो रहे अहम निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा इस वर्ष प्रदेश में पानी तथा बिजली की उपलब्धता के लिए निरंतर अहम निर्णय किए जा रहे हैं। जहां बिजली क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू किए गए हैं वहीं पानी के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णय किए गए, जिससे उद्योगों को उनकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बिजली तथा पानी मिल सके। उन्होंने उद्योपतियों का आह्वान किया कि वे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें। सरकार बिजली, पानी, जमीन सहित हर क्षेत्र में उनकी मदद करेगी, जिससे विकसित राजस्थान की संकल्प सिद्धि हो सके।

केन्द्रीय वितमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन का उदयपुर दौरा

बैंकिंग पहुंच बढ़ाकर विकसित भारत संकल्प को करें साकार : केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। केंद्रीय वित्त एवं सहकारिता मामलात मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को उदयपुर पहुंचीं। वित्त मंत्री ने होटल लीला पैलेस में पश्चिम व मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक ली। वहीं अपराह्न बाद एयरपोर्ट रोड़ स्थित स्मॉल इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बैंक कार्यालय का निरीक्षण किया।

वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमन के डबोक एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रशासनिक एवं बैंकिंग अधिकारियों ने अगवानी की। वहां से वे पिछोला स्थित होटल लीला पैलेस पहुंची। होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में पश्चिम-मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के चेयरमैन और उनके प्रायोजित बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई। बैंकों की पिछले वित्तीय वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना एवं प्रगति की समीक्षा की गई। केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग पहुंच बढ़ाते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ देने के लिए बैंक के सभी अधिकारी समन्वय से कार्य करें। बैठक में वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव श्री एम नागराजू, अपर सचिव एमपी तंगीराला सहित नाबार्ड के चेयरमैन के बी शॉ, आरबीआई के कार्यपालक निदेशक जयंत कुमार दास, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त चाँद, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधु सक्सेना, भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने-अपने बैंकों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

लेह में बस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरी, छह की मौत, 22 घायल

लेह (एजेंसी)। लद्दाख के लेह जिले में गुरुवार को एक बस सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। लेह के डिप्टी कमिश्नर संतोष सुखादेव ने बताया कि निजी बस एक स्कूल के कर्मचारियों को शादी समारोह में ले जा रही थी। दुरबुक इलाके में अचानक चालक के नियंत्रण खो देने के कारण बस खाई में गिर गई। जिला प्रशासन और पुलिस के कर्मियों ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। 22 घायलों को लेह के एसएनएम अस्पताल और सेना के अस्पताल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुखादेव ने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन

सेबी चीफ माधबी बुच के इस्तीफे और अडाणी मामले की जेपीसी जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी)। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जेपीसी जांच और सेबी चीफ के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस आज (22 अगस्त) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। 10 अगस्त को सामने आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट में दावा किया गया कि सेबी चीफ माधबी बुच की अडाणी ग्रुप की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी थी। कांग्रेस कार्यकर्ता सभी राज्यों के ईडी ऑफिस के बाहर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दिल्ली में जंतर-मंतर में प्रदर्शन हो रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा- अगर सरकार कुछ नहीं छिपा रही है तो उसे जेपीसी जांच के लिए मना नहीं करना चाहिए। वैसे भी जेपीसी कमेटी का अध्यक्ष भाजपा से ही होगा।

हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट की बड़ी बातें

- अडाणी ग्रुप पर हमारी रिपोर्ट के लगभग 18 महीने हो चुके हैं। रिपोर्ट में इस बात के पुख्ता सबूत पेश किए गए थे कि अडाणी ग्रुप कॉर्पोरेट इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला कर रहा था। हमारी रिपोर्ट ने ऑफशोर, मुख्य रूप से मॉरीशस बेस्ड शेल एंटिटीज के एक जाल को उजागर किया था। जिनका इस्तेमाल संदिग्ध अरबों डॉलर के अनडिस्क्लोज्ड रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन, अनडिस्क्लोज्ड इन्वेस्टमेंट और स्टॉक मैनिपुलेशन के लिए किया गया था।
- सबूतों के अलावा 40 से ज्यादा इंडिपेंडेंट मीडिया इन्वेस्टिगेशन ने हमारी रिपोर्ट की पुष्टि थी। इसके बावजूद सेबी ने अडाणी ग्रुप के खिलाफ कोई पब्लिक एक्शन नहीं लिया।
- जुलाई 2024 में सेबी ने हमें कारण बताओ नोटिस भेजा था। जिसके जवाब में हमने लिखा था कि हमें यह अजीब लगा कि कैसे सेबी को एक रेगुलेटर होने के बावजूद फ्रॉड प्रैक्टिसेस को बचाने के लिए सेट-अप किया गया था। सेबी ने फ्रॉड प्रैक्टिसेस से जुड़ी पार्टियों की जांच करने में बहुत कम रुचि दिखाई। यह लोग पब्लिक कंपनियों के जरिए अरबों डॉलर के अनडिस्क्लोज्ड रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शंस में लगे हुए एक सीक्रेट ऑफशोर शेल एम्पायर को चलाते थे। इसके अलावा नकली निवेश एंटिटीज के एक नेटवर्क के जरिए अपने शेयरों को बढ़ाते थे।
- आईपीई प्लस फंड एक छोटा ऑफशोर मॉरीशस फंड है, जिसे अडाणी डायरेक्टर ने इंडिया इंफोलाइन के जरिए स्थापित किया है, जो वायरकार्ड स्कैंडल से जुड़ी एक वेल्थ मैनेजमेंट फर्म है।
- गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी ने इस स्ट्रक्चर का यूज इंडियन मार्केट्स में निवेश करने के लिए किया, जिसमें अडाणी ग्रुप को पावर इक्विपमेंट्स के ओवर इनवॉइसिंग से मिला फंड शामिल था।
- सेबी चीफ और उनके पति धवल बुच की अस्पष्ट ऑफशोर बरमूडा और मॉरीशस फंड में हिस्सेदारी थी। विनोद अडाणी ऑफशोर बरमूडा और मॉरीशस फंड का यूज भी स्ट्रक्चर की तरह करते थे।
- डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने पहली बार 5 जून 2015 को सिंगापुर में आईपीई प्लस फंड-1 में अपना अकाउंड ओपन किया था।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर कांग्रेस का जयपुर में प्रदर्शन, जेपीसी से जांच करवाने की मांग

देशभर में ईडी कार्यालयों के सामने कांग्रेस पार्टी ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में गुरुवार को जयपुर में कांग्रेस ने ईडी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य की भजलाल नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर अडाणी महाघोटाले का आरोप लगाते हुए जेपीसी से जांच करवाने और सेबी चीफ माधबी बुच के इस्तीफे की मांग की। डोटासरा ने कहा- हिंडनबर्ग रिपोर्ट से साफ है कि यह घोटाला किया गया। हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ने इस महाघोटाले की जेसीपी से जांच की मांग की है, उसको लेकर राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने धरना प्रदर्शन ईडी कार्यालय के सामने किया है। उन्होंने कहा- यह तो शुरुआत है, इनके घुटने टिका कर रहेंगे और इनके घोटालों को उजागर कर इनको जेल भेजकर रहेंगे, इनको सत्ता से हटाकर रहेंगे। क्योंकि इन्होंने 10 साल तक जनता को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा- अब ऊंट पहाड़ के नीचे आया है। ये राफेल से बच गए,यह नोटबंदी के घोटाले से बच गए। लेकिन इस शेयर मार्केट का अडाणी के साथ और सेबी प्रमुख के साथ मिलकर घोटाला किया है इससे बच नहीं सकते हैं। जेपीसी की जांच भी होगी और इस जांच में दूध का दूध और पानी का पानी होगा और ये लोग जेलों में जाएंगे और इनका सच उजागर होगा कि किस प्रकार केंद्र सरकार और केंद्र सरकार में बैठे लोग पूरी की पूरी सरकार अडाणी के माध्यम से बड़े घोटाले कर रही है। अडाणी को देश की पूरी संपदा पर कब्जा करवा दिया गया है। नवरत्न कंपनियों को औने-पौने दामों पर अडाणी की कंपनियों को बैच दिया गया है। डोटासरा ने आगे कहा- आज पूरा का पूरा देश के लोग जिन्होंने शेयर मार्केट में विश्वास के साथ अपना जैसे भी जोड़तोड़ कर धन इकट्ठा किया था उसे शेयर मार्केट में निवेश किया था वो लोग ठगे से महसूस कर रहे है। ये लोग घोटाले पर घोटाले कर रहे है, प्राइवेट व्यक्ति को सेबी की प्रमुख बना दिया गया है और जो जांच कर रही है सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सेबी की प्रमुख उनके पति भी अडाणी की कम्पनी में हिस्सेदार है। मार्केट वैल्यू बढ़ा करके और उनका स्टॉक बता करके उनके आधार पर पूरे देश के टैंडर प्राप्त किए जा रहे है। बैंकों से लोन उठाया जा रहा है और उनके बाद बैंकों का लोन माफ करवाया जा रहा है। इसके खिलाफ आज हमारी शुरुआत है, इसके बाद हम ब्लॉक में, गांव ढाणियों में इसके खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि धरने में सांसद मुरारीलाल मीना, भजनलाल जाटव, राहुल कस्वां, विधायक शांति धारीवाल, हरीश चौधरी, रफीक खान, रामकेश मीना, इंदिरा मीना, रीटा चौधरी, अमित चाचाण, कांति प्रसाद मीना, लक्ष्मण मीना, डॉ. विकास चौधरी, जाकिर हुसैन गैसावत, ललित यादव, हरिमोहन शर्मा, अनिल शर्मा, भगवाना राम सैनी, गीता बरवड़, मोतीराम कोली, संजय जाटव, मनोज मेघवाल, हरेन्द्र मिर्धा, मनीष यादव, रतन देवासी, सुशीला डूडी, अमीन कागजी, भीमराज भाटी, हाकम अली, गणेश घोगरा, पीतराम काला, प्रशान्त शर्मा, अनिता जाटव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बीडी कल्ला, पूर्व मंत्री महादेव सिंह खण्डेला, गोविन्द राम मेघवाल, प्रतापसिंह खाचरियावास, ममता भूपेश, शकुन्तला रावत, बाबूलाल नागर, वीरेन्द्र बेनीवाल, नसीम अख्तर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम, एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

दिल्ली पुलिस का दावा- अलकायदा के 14 आतंकी हिरासत में झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में छापामारी; सरगना रांची में था

रांची। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार, 22 अगस्त को झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से 14 लोगों को हिरासत में लेने के बाद अल कायदा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। दिल्ली पुलिस के अफसरों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद राज्यों के पुलिस बलों के साथ मिलकर एक ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस ने बताया कि अल कायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंटके सरगना डॉ. इश्तियाक को झारखंड से हिरासत में लिया गया। ये देश में आतंकी हमलों की तैयारी में था।

राजस्थान से 6, यूपी-झारखंड से 8 हिरासत में

दिल्ली पुलिस ने तीनों राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर इन राज्यों में जगह-जगह छापेमारी की। झारखंड के 3 जिले लोहरदगा, हजारीबाग और रांची के 14 स्थानों पर रेड डाली गई। इन जगहों पर आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों को हथियारों की ट्रेनिंग दी जा रही थी। राजस्थान के भिवाड़ी से 6, जबकि झारखंड और उत्तर प्रदेश से 8 लोगों को हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि झारखंड में अल कायदा कई जिलों में नेटवर्क खड़ा कर रहा है। यह कन्फर्म होते ही बुधवार देर रात झारखंड में अधिकारियों की बैठक हुई। इसके बाद इस इन्फॉर्मेशन को एटीएस के साथ साझा किया गया। देर रात ही टीम ने रेड डाली।

हजारीबाग से गिरफ्तार संदिग्ध को रांची ले गई टीम

एटीएस ने हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान फैजान अहमद के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि अल कायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट का सक्रिय सदस्य है। टीम ने फैजान का मेडिकल टेस्ट कराने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। इसके बाद टीम उसे अपने साथ रांची ले आई।

जेल में हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

6 साल बाद आया फैसला, स्टील चम्मच को बनाया था धारदार हथियार

बढ़ता राजस्थान

अजमेर। अजमेर के केंद्रीय कारागृह में 19 अप्रैल 2018 को उम्रकैद की सजा काट रहे बंदी की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। फैसला अनुसूचित जाति व जनजाति कोर्ट की जज रेणु श्रीवास्तव ने सुनाई। आरोपी पर पचास हजार रुपए का अर्थदंड भी दिलाया गया। फैसला आने के बाद आरोपी ने कोर्ट स्टाफ से अभद्रता की, जिसे चालानी गार्ड ने काबू कर कस्टडी में लिया। सरकारी वकील मजूर अली ने बताया- मामले में 24 गवाह और 41 दस्तावेज पेश किए गए। मामले के अनुसार, अजमेर के केन्द्रीय कारागृह में 19 अप्रैल 2018 की सुबह जेल प्रशासन को सूचना मिली कि उम्रकैद की सजा काट रहे केशोराय पाटन (बूंदी) निवासी पन्नालाल मीणा लहुलूहान हालत में बैरक में पड़ा है। जेल प्रभारी मौके पर पहुंचे और पन्नालाल को नेहरू हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चुनाव आयोग की पर्यवेक्षकों को सलाह, झूठे प्रोपेगेंडा के प्रति रहें सतर्क

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू के साथ पर्यवेक्षकों को उनके आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। पर्यवेक्षकों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि आयोग के प्रतिनिधियों के रूप में पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे पेशेवर बनें और उम्मीदवारों तथा जनता सहित सभी हितधारकों से मिलें। उन्होंने पर्यवेक्षकों को चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश करने वाले झूठे प्रोपेगेंडा के प्रति सतर्क रहने को भी सलाह दी ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। नई दिल्ली के रंग भवन सभागार में आयोजित ब्रीफिंग में आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय राजस्व सेवा और कुछ अन्य केंद्रीय सेवाओं के 400 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

सम्पादकीय

विकृति के विरुद्ध, कोलकाता के बाद महाराष्ट्र में यौन उत्पीड़न के खिलाफ जनाक्रोश प्रशासनिक जवाबदेही तय करने की जरूरत

कोलकाता के बाद अब महाराष्ट्र के बदलापुर में यौन उत्पीड़न के खिलाफ जनाक्रोश उभरा है। वहां के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आने पर लोगों का रोष फट पड़ा। हालांकि राज्य सरकार ने तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच दल गठित कर दिया, मगर प्रशासन के रवैए पर प्रश्नचिह्न बना हुआ है। घटना आठ-नौ दिन पहले की है। जब बच्चियों के परिजनों को पता चला कि स्कूल के ही एक कर्मचारी ने उनका यौन उत्पीड़न किया है, तो उन्होंने पुलिस के पास संबंधित मामले की प्राथमिकी दर्ज करानी चाही। मगर पाक्सो अधिनियम का मामला होने के बावजूद उनकी शिकायत लिखने में टालमटोल की गई। इससे लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। यही रवैया कोलकाता मामले में भी देखा गया था। वहां भी प्राथमिकी देर से दर्ज कराई गई। पिछले करीब एक पखवाड़े से देश के विभिन्न हिस्सों से बलात्कार, यौन उत्पीड़न और नृशंस हत्या की घटनाएं रोज ही सामने आ रही हैं। बदलापुर के बाद अकोला में भी छह बच्चियों के यौन शोषण का मामला उजागर हो गया। ऐसी घटनाओं से महिला सुरक्षा को लेकर बने कानूनों और प्रशासनिक सतर्कता पर स्वाभाविक ही सवाल गहरे हुए हैं। बलात्कार, डरा-धमका कर किए जाने वाले यौन शोषण, राह चलते छेड़खानी आदि के खिलाफ कड़े कानून हैं, मगर आपराधिक वृत्ति के लोगों में उनका खौफ इसलिए नहीं पैदा हो पा रहा कि उन कानूनों पर संजीदगी से अमल नहीं हो पाता। ऐसे मामलों में पुलिस का रवैया प्रायः टालमटोल का ही देखा जाता है। अगर यौन उत्पीड़न का मामला समाज के निचले कहे जाने वाले वर्ग की महिला से जुड़ा हो, तो पुलिस का प्रयास अक्सर समझा-बुझा कर रफा-दफा करने का होता है।

निर्भया कांड के बाद महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और उत्पीड़न से संबंधित कानूनों को काफी सख्त बनाया गया था। बाल यौन उत्पीड़न से जुड़े पाक्सो कानून में तो तत्काल गिरफ्तारी और जमानत तक न मिलने का प्रावधान है। मगर इन कानूनों का ठीक से पालन न हो पाने के कारण ऐसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि समाज में बढ़ती यौन विकृति और हिंसक वृत्ति की अनेक वजहें हैं, जिनमें से इंटरनेट पर परोसी जाने वाली उत्तेजक और हिंसापूर्ण सामग्री का बड़ा योगदान है। इसलिए ऐसी सामग्री पर रोक लगाने के उपाय करने की मांग उठती रही है। मगर, प्रशासनिक शिथिलता इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार मानी जा सकती है। हमारे देश में यौन उत्पीड़न के बहुत सारे मामलों में परिजन खुद चुप्पी साध जाते हैं। जो मामले पुलिस तक पहुंचते भी हैं, उनमें दोषियों को सजा दिलाने में तत्परता नहीं दिखाई जाती। जांच और गवाहियों में वर्षों लग जाते हैं। बहुत सारे मामलों में पुलिस का रवैया पक्षपातपूर्ण देखा जाता है। इसलिए चर्चित मामलों में भी न्याय मिलने में लंबा वक्त लग जाता है। करीब बत्तीस वर्ष पहले हुए अजमेर के ऐसे ही यौन उत्पीड़न मामले में अब दोषियों को सजा सुनाई जा सकी है। उसमें डरा-धमका कर सौ महिलाओं का यौन शोषण किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिनमें लोगों का गुस्सा फूटा, उन्हें लेकर खूब चर्चा हुई।

जम्मू-कश्मीर बना अब नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी, कांग्रेस और भाजपा लिए रण का मैदान

सूत्रों के मुताबिक, उमर पीडीपी से नाता जोड़ने के खिलाफ हैं। वह तर्क यह दे रहे हैं कि घाटी में पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की राजनीति अब हाशिए पर चली गई है। हालांकि कांग्रेस ने अपील की है कि अगर महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती आगे आती हैं, तो उस सूरत में उमर उन्हें सम्मानजनक सीटें देकर गठबंधन में शामिल कर लें।सूत्रों ने बताया कि तीनों दलों के गठबंधन को लेकर अभी बातचीत जारी है। अगर पीडीपी को साथ लाने पर बात नहीं बनी तो भी कांग्रेस महबूबा की बेटी इल्तिजा के खिलाफ उम्मीदवार न देने और कुछ सीटों पर पीडीपी के साथ फेंडली फाइट के पक्ष में है। हालांकि इसे अभी शुरुआती बातचीत ही कहा जा रहा है।

अशोक भाटिया

चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की विधानसभाओं के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा चुके है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव तो पांच साल बाद ही हो रहे हैं लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों को दस साल बाद अपने राज्य की विधानसभा चुनने का अवसर मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावीकरण के बाद पहली बार वहां होने वाले इन विधानसभा चुनावों पर सारे देश की नजरें टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि इस अनुच्छेद को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को संसद में बिल पेश किया था जिसके माध्यम से सरकार ने जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था । जाहिर सी बात है कि आसन्न चुनावों के बाद गठित होने वाली विधानसभा का स्वरूप दस वर्ष पूर्व निर्वाचित विधान सभा से काफी अलग होगा। यह भी यहां विशेष उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा का कार्यकाल अब पांच वर्षों का होगा जबकि इसके 2014 के चुनावों तक यह 6 वर्षों का हुआ करता था। चूंकि जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया है इसलिए वहां वहां राज्यपाल की जगह अब उपराज्यपाल होंगे। वर्तमान में मनोज सिंहा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल हैं। 2014 में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 87 सीटों के लिए मतदान हुआ था जिनमें जम्मू की 37, कश्मीर घाटी की 46 और लद्दाख की 4 सीटें शामिल थीं।परिसीमन के बाद हो रहे जम्मू-कश्मीर विधानसभा के इन चुनावों में अब 90 सीटों के लिए तीन चरणों में मतदान कराया जाएगा। इनमें जम्मू की 43 और कश्मीर की 47 सीटें शामिल हैं। लद्दाख अब जम्मू-कश्मीर का हिस्सा नहीं होगा। चुनावों कि घोषणा होते ही अब नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी, कांग्रेस और भाजपा सहित तमाम दल जीत का परचम लहराने के लिए मुस्तैदी से जुट गए हैं। इस बीच कांग्रेस सूत्रों के हवाले से खबर है कि जम्मू-कश्मीर में पर्दे के पीछे नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है।कांग्रेस सूत्रों के अनुसार कांग्रेस 90 में से 40 सीटें मांग रही है, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 सीटें देने को तैयार हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस इतनी कम सीटों पर राजी नहीं है। इतना ही नहीं, कांग्रेस कश्मीर की एक और बड़ी पार्टी पीडीपी को भी गठबंधन में शामिल करना चाहती है, ताकि [illegible]। गठबंधन का स्वरूप बना रहे।

कांग्रेस इस समय कश्मीर के चुनावों को लेकर असंजस में भी है । सूबे की सियासत में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था, लेकिन गुलाम नबी आजाद के अलग होने के बाद पार्टी के पास घाटी में न कोई कद्दावर चेहरा बचा और न ही संगठन। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार जम्मू-कश्मीर में जीरो पर सिमट जाने के चलते कांग्रेस के लिए इस विधानसभा चुनाव में चुनौतियां काफी बढ़ गई हैं।कांग्रेस का सियासी आधार कश्मीर में लगातार कमजोर होता जा रहा है, जिसके चलते ही उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव में उतरने का प्लान बनाया है। हालांकि कांग्रेस के लिए पीडीपी और एनसी के साथ दोस्ती तथा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय करना आसान नहीं है। विधानसभा चुनाव की सियासी तपिश के बीच राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरा कर चुके हैं। इस दौरान गठबंधन से लेकर सीट शेयरिंग के मामले को सुलझाने का टास्क उनके ऊपर है। कांग्रेस के बिना जम्मू-कश्मीर में गठबंधन की सियासी राह आसान नहीं है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में साल दर साल कमजोर होती जा रही है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के आंकड़े तस्दीक देते हैं, जो कांग्रेस पार्टी एक समय यहां पर निर्णायक भूमिका निभाती थी, अब वह स्थानीय पार्टी के रहमो करम पर खड़ी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी और उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में 12 सीटों से संतोष करना पड़ा था। इसमें जम्मू संभाग में पांच, कश्मीर संभाग में चार और लद्दाख में तीन सीटें मिली थी। अब लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। ऐसे में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने का जोखिम भरा कदम नहीं उठाना चाहती है। गुलाम नबी आजाद ने अब कांग्रेस से आजाद हो चुके हैं और अपनी अलग पार्टी बना ली है। इस तरह कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई है। इतना ही नहीं जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की सबसे बड़ी दिक्कत है कि उसके पास जमीनी स्तर के कार्यकर्ता नहीं रह गए हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के खत्म कर केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने और परिसीमन के बाद सियासी समीकरण भी बदल गए हैं। अब राज्य की सियासत में जम्मू का इलाका भी निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में है, क्योंकि अब वहां पर सीटें बढ़ गई हैं। जम्मू क्षेत्र में 43 और कश्मीर क्षेत्र में 47 विधानसभा सीटें है। कांग्रेस का सियासी आधार एक समय जम्मू इलाके में हुआ करता था, जिस पर अब भाजपा ने अपनी जड़ें जमा ली है। 2014 के बाद से जम्मू क्षेत्र में भाजपा काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। ऐसे में कांग्रेस के लिए भाजपा का अकेले चुनावी मुकाबला करना आसान नहीं रहा है। भाजपा अपनी जीत पक्की करने के लिए अपने पुराने खिलाडी को जम्मू कश्मीर का चुनाव प्रभारी राम माधव बनाया है। उनके मैदान मई आते ही चुनावी फिजा का रंग बदल गया है । 60 साल के संघ परिवार के नेता फिर 2020 के बाद में फिर से सुर्खियों में छा गए हैं। भाजपा ने दोबारा से आरएसएस के उस नेता पर भरोसा जताया है, जिसने पार्टी को जम्मू-कश्मीर में अपने पैर जमाने में मदद की थी। यहां पर पार्टी का ज्यादा असर नहीं होता था।

पार्टी ने अपने सबसे जरूरी विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें फिर से जम्मू-कश्मीर में भेजा है। पार्टी के एक सूत्र ने यह भी कहा कि यह एक मुश्किल भरा काम है और माधव अपनी एबिलिटी को साबित कर सकते हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि भाजपा जम्मू में अपना ठीक-ठाक असर रखती है। यहां पर 90 में से 43 सीटें हैं। घाटी के अंदर सही से संबंध बनाए बिना पार्टी के लिए सरकार बनाना आसान नहीं है। पार्टी के आलाकमान को इस बात का भरोसा है कि माधव इसके लिए बिल्कुल ही सटीक उम्मीदवार रहेंगे ।माधव ने ही साल 2015 में भाजपा और पीडीपी के बीच में समझौता करवाया था। इसी के बाद दोनों पार्टियों ने गठबंधन से सरकार बनाई थी। यह जम्मू-कश्मीर में भाजपा का सत्ता का पहला और अकेला कार्यकाल था। बढ़ते तनाव की वजह से पार्टी का अलायंस 2019 में टूट गया और तब से ही जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन में है। सत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने एनएसए अजीत डोभाल के साथ बातचीत के बाद सिक्योरिटी और राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए माधव को वापस लाने और उन्हें जम्मू-कश्मीर चुनाव का प्रभार देने का फैसला किया है ।

शख्सियत

कुछ कर गुजरने का जज्बा ही हमें भीड़ से अलग बनाता है, हम कौंन हैं, क्या करते हैं या क्या कर सकते हैं ये परिचय हमारे कर्म देते है

शशांक झालानी
युवा समाजसेवी व उधोगपति

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर हीरो हैं युवा समाजसेवी और उद्योगपति शशांक झालानी । 2014 में अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने पिता बाबू झालानी द्वारा लगाए गए सीबा मसाला उद्योग रूपी वृक्ष को वटवृक्ष बनाने में बेहद महती भूमिका निभाते हुए जहां एक सफल उद्योगपति के रूप में नजर आए वही युवा समाजसेवी के रूप में भी समाज के युवाओं को एक संदेश दे रहे हैं। उम्र भले ही कम है लेकिन काम करने का जोश, जज्बा,उमंग और उल्लास इतना है कि काम शुरू करने और उसे काम को अंतिम छोर तक ले जाने में पूरी उर्जा बनाए रखते हैं। रोटरी क्लब अलवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम ट्रैफिक संस्कार में बड़ी महती भूमि का निभाते हुए आमजन को पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक नियमों की पालना कार्रवाई, जो सच में मील का पत्थर साबित हुई। रोज सुबह उठते ही स्कूल के बच्चों के समक्ष जाना उन्हें ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के लिए प्रेरित करना उनके अतुलनीय प्रयास आज मील का पत्थर साबित हो रहे हैं । युवाओं का जब जिक्र होता है तो शशांक झालानी का नाम सबकी जुबां पर इसलिए आता है कि वास्तव में आज युवा किस दौर से गुजर रहे हैं, किस अंधी गलियों में भटक रहे हैं और ऐसे रास्ते पर जा रहे हैं जिसका अंजाम बेहद खराब और विचारहीन है परंतु इस युवा का जोश और जज्बा सामाजिक कार्य में ही लगता है। मुझे एक एपिसोड याद है जब शशांक झालानी के सामने एक व्यक्ति खुले पड़े हुए नाले में गिर गया और गंभीर घायल जो गया इस वाक्या को देखकर इनका मन काफी आहत हुआ और इन्होंने तुरंत अपने पैसों के खर्चों से नाले का जाल बनवाया और नाले पर रखवाया । नगर परिषद के तत्कालीन कमिश्नर कमलेश मीणा खुद मौके पर आए और शशांक झालानी को उनके इस प्रयास के लिए अप्रिशिएट किया। आम जनता का दर्द समझने वाले इस युवा का जज्बा बिल्कुल ही अलग है शहर में ऐसा कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन नहीं जिसके साथ जुड़कर शशांक ने काम ना किया हो। शशांक झालानी को युवाओं के आदर्श के रूप में देखा जाता है जीव जंतुओं की रक्षा हो या फिर पौधारोपण इसमें पूरी तन्मयता के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। सामाजिक कार्यों के प्रति शशांक झालानी हमेशा लोगों के दिलों में वास करते हैं कम उम्र में सामाजिक सेवाओं का जज्बा शशांक झालानी को सच मे शशांक बनाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है।

जय हिंद

आज का इतिहास

23 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ



- जर्मनी के योहानेस गुटेनबर्ग ने 1456 में आधुनिक ढंग के दुनिया के पहले छापाखाने से बाइबिल की पहली प्रति छापी जो गुटेनबर्ग बाइबिल के नाम से प्रसिद्ध हुई।
- मेक्सिको ने 1821 में आजादी की घोषणा की।
- ब्रिटेन ने 1839 में चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर कब्जा किया।
- स्पेन के खिलाफ मोरक्को में 1922 को विद्रोह हुआ।
- तुर्की ने 1922 को एफ्योन में ग्रीक ताकतों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले आरंभ कीए।
- तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर 1939 को हस्ताक्षर किये गये।
- युनान के राष्ट्रपति दिमित्रियो मैक्सिमोज ने 1947 में त्यागपत्र दे दिया।
- वल्लभभाई पटेल 1947 में भारत के उप प्रधानमंत्री बने।
- चीन में 1976 को भूकंप से हजारों लोगों की मौत।
- ईरान की सेना ने 1979 में कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला।
- इराक के सरकारी टेलीविजन पर 1990 में सद्दाम हुसैन के पश्चिम बंदियों के साथ दिखाए जाने के कारण काफी बवाल हुआ।
- पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने 1990 में तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की।
- आर्मेनिया ने 1990 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- सं.रा.अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को 1997 में चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द।
- पूनिया हत्याकान्ड जिसमें भारतीय राजनेता रेलू राम पूनिया और उनके परिवार के सात सदस्यों की 2001 में सामूहिक हत्या हुई थी।
- संयुक्त राज्य अमरीका ने 2002 में मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी।
- ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये, पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2003 में घोषित किया कि पाकिस्तान न्यूनतम सुरक्षात्मक हथियार क़ायम रखेगा।
- अमेरिका के जस्टिन गैटलिन 2004 में 100 मीटर फर्राटा दौड़ जीतकर पृथ्वी के सबसे तेज धावक बने। चिली के निकोलस मासु ने अमेरिका के मार्डी फ़िश को हराकर ओलम्पिक पुरुष एकल टेनिस का स्वर्ण पदक जीत लिया।
- आस्ट्रिया की नताशा काम्पुश अपहरणकर्ता वोल्फगांग प्रिकलोपिल के बंधन से 2006 में आठ साल बाद भागने में सफल रही।
- यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं। पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे पाकिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ़ को स्वदेश वापसी की अनुमति दी।

विशेष आलेख

सरकारी नौकरियों में लैटरल एंट्री पर हंगामा गलत

डॉ. आर.के. सिन्हा

केन्द्र सरकार के विभिन्नविभागों में अहम पदों को संभालने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में लैटरल एंट्री या कहें कि पार्श्व प्रवेश के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए एक विज्ञापन अखबारों में निकलवाया था। इसी को लेकर देशभर में गैर-जरूरी हंगामा खड़ा हो गया या निहित स्वार्थ से भरे लोगों द्वारा खड़ा कर दिया गया था। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी से कहा गया है कि वो लैटरल एंट्री से नियुक्ति न करे। कार्मिक विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर कहा है कि इस नीति को लागू करने में सामाजिक न्याय और आरक्षण का ध्यान रखा जाना चाहिए। बात बस इतनी सी थी कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक विज्ञापन जारी कर कहा था कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ पदों पर काम करने के लिए प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों की तलाश है। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पदों पर भर्ती होनी है। इस विज्ञापन के छपने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सबसे ज्यादा हंगामा काट रहे थे। कह रहे थे कि केन्द्र सरकार सरकारी विभागों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को भर्ती करना चाहती है। हालांकि हमेशा की तरह राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए किसी तरह के प्रमाण देने की जरूरत तक नहीं महसूस नहीं की। वे वैसे भी राहुल गाँधी जी हवाई बातें-दावे करने में माहिर हैं। काश, राहुल गांधी को यह पता तो होगा ही कि देश के दस सालों तक प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह को देश का वित्त सचिव तक लेटरल एंट्री के माध्यम से ही बनाया गया था। वह तो तब तक तो वे दिल्ली विश्व विद्लाय में पढ़ा रहे थे। इसी तरह से मंटेक सिंह आहलूवालिया को भी कांग्रेस सरकार ने ही योजना आयोग का चेयरमेन बना दिया था। उनकी नियुक्ति भी उसी तरह से हुई थी जिस तरह से डॉ मनमोहन सिंह की खुद की हुई थी। इसलिए यह कहना सरासर गलत है कि मौजूदा सरकार कुछ विभागों के लिए बाहरी अभ्यर्थियों को नौकरी देकर गलत कर रही है। न जाने क्यों यूपीएससी के इस कदम ने नौकरशाही में लैटरल एंट्री पर बहस छेड़ दी। राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेता कह रहे थे कि यूपीएससी की भर्ती की यह प्रक्रिया पीछे के दरवाजे से भर्ती है। इसे अंग्रेजी में बैक एंट्री भी कहा जा रहा है। अब कांग्रेस के नेताओं से यह तो पूछा ही पूछा जाना चाहिए कि सैम पित्रोदा और रघुरामन राजन कौन थे ? उन्हें किस आधार पर सरकार में लैटरल एंट्री के तहत ऊंचे पदों पर नौकरी दी गई थी ? अब जान लेते हैं कि लैटरल एंट्री होता क्या है? दरअसल नौकरशाही में लेटरल एंट्री का मतलब है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) जैसे पारंपरिक सरकारी सेवा कैडर के बाहर के व्यक्तियों को सरकारी विभागों में मध्यम और वरिष्ठ स्तर के पदों पर उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर भर्ती करना। इससे पहले लैटरल एंट्री के जरिए 2018 में पहली बार रिक्तियों की घोषणा की गई थी। लैटरल एंट्री करने वाले व्यक्तियों को आमतौर पर तीन से पांच साल के अनुबंध पर नियुक्त किया जाता है, जिसमें प्रदर्शन और सरकार की आवश्यकताओं के आधार पर विस्तार की संभावना होती है। इन व्यक्तियों से ऐसी विशेषज्ञता लाने की उम्मीद की जाती है जो शासन और नीति कार्यान्वयन में जटिल चुनौतियों का समाधान करने में मदद कर सके। यूपीएससी के हालिया विज्ञापन से साफ था कि उसे तीन स्तरों पर योग्य उम्मीदवारों की तलाश थीः संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव। इन पदों पर तैनात अफसर अक्सर विभागों के भीतर विशिष्ट विंगों के प्रशासनिक प्रमुख या उनके सहायक के रूप में कार्य करते हैं और प्रमुख निर्णय लेने वाले होते हैं। लैटरल एंट्री के पीछे सरकार का तर्क यह रहा है कि नई प्रतिभा लाना और प्रशासन में कुशल जनशक्ति की उपलब्धता बढ़ाना। आप गौर करें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जब बोलते हैं, वे तब सरकार को सदैव कोसते ही रहते हैं। लोकतंत्र में सदा स्वस्थ्य वाद-विवाद और सार्थक संवाद जारी रहना चाहिए। हमेशा ही बेवजह विवाद नहीं खड़े करने चाहिए। खडगे जी कह रहे हैं कि लैटरल एंट्री से सरकारी नौकरियों में हाशिए पर रहने वाले समुदायों को नुकसान होगा। राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को भी लैटरेल एंट्री पर आपत्ति है। अब इन ज्ञानी नेताओं को कोई बताए कि लैटरल एंट्री का विचार तो सर्वप्रथम कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान ही विकसित किया गया था। लैटरल एंट्री पर महाभारत करने वालों को पता होना चाहिए कि यूपीएससी की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी है। इसलिए इस मसले पर विवाद खड़ा करने का कोई ठोस आधार नहीं है। ऐसा करने वाले संवैधानिक संस्थानों पर आघात कर रहे हैं।

दरअसल यह तो कहना पड़ेगा देश में सियासत के संसार का माहौल बहुत विषाक्त हो चुका है। सरकार के हरेक कदम का विपक्ष माखौल उड़ाता रहता है या उसमें कमियां निकालने की कोशिश करता रहता है। अगर यही रणनीति विपक्ष अपनाता रहा तो सरकार अपना कोई काम कर ही नहीं सकेगी। यकीन मानिए कि विपक्ष से यह कोई नहीं कह रहा है कि वह सरकार को उसकी किसी जन विरोधी नीतियों पर न घेरे।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

वृष
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

मिथुन
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

कर्क
शारीरिक-मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा। मित्रों के साथ घूमना-फिरना होगा।

सिंह
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

कन्या
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है। स्वास्थ्य बना रहेगा। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

तुला
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

वृश्चिक
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। काम में सफलता का योग है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

धनु
कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

मकर
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कुंभ
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

मीन
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे।

मालपुरा को जिला बनाने के लिए कोर कमेटी का प्रतिनिधिमंडल मिला हाईपावर कमेटी अध्यक्ष से

ज्ञापन सौंप कर मालपुरा को जिला बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा को जिला बनाने के लिए गठित मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी के सदस्य राज्य सरकार की ओर से राज्य में नए जिलो के गठन की सिफारिश के लिए गठित हाईपावर कोर कमेटी अध्यक्ष ललित के. पवार से मिलकर मालपुरा को जिला बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की मांग रखी।

गुरूवार को मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी का प्रतिनिधिमंडल जयपुर पहुंच कर हाईपावर कोर कमेटी के अध्यक्ष ललित के. पंवार से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा होने के बाद राज्य मंत्रीमंडल की बैठक में इस घोषणा को स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन मालपुरा को जिला बनाने के लिए नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका था। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी द्वारा गत एक वर्ष से भी अधिक अवधि से लगातार आन्दोलन कर मालपुरा को जिला बनाने के लिए प्रयासरत है। मालपुरा को जिला बनाने के लिए कमेटी द्वारा किए प्रयासो के तहत धरना, प्रदर्शन , भूख हड़ताल, जेल भरे आन्दोलन किए जाने के बाद सरकार द्वारा मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा की गई थी। लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के चलते नोटिफिकेशन जारी नहीं हो सका। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मालपुरा को जिला बनाया जाना इसलिए भी आवश्यक है कि रियासत काल में मालपुरा जिला था। लेकिन आजादी के बाद हुए वर्गीकरण में मालपुरा को जिले से वचिंत कर जिला मुख्यालय टोंक कर दिया गया था। तब से ही मालपुरा टोंक जिले के अधीन चल रहा है। इसके अलावा मालपुरा टोंक जिले का सबसे पहला एवं सबसे बड़ा उपखण्ड है। साथ ही मालपुरा के निकट ही सुविख्यात धार्मिक स्थल श्री कल्याण जी महाराज की नगरी डिग्गी है। कोर कमेटी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा हाईपावर कमेटी के अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में इन सब तथ्यो को ध्यान में रखतेहुए मालपुरा को जिला बनाने के लिए शीध्र नोटिफिकेशन जारी कर अब तक विकास की दृष्टि से पिछले मालपुरा क्षेत्र के विकास के सभी द्धार खोलने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट रविकुमार जैन, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष गालव, जतनलाल जाट, महावीर बड़गुर्जगर, अब्दुल कनन, डीआर किशनलाल बैरवा, कैलाश बैरवा, मूंशी खां बेलिम, रामगोपाल जाट, हनुमान प्रसाद विजय, सुरेश अजमेरा, गोपल गुर्जर, लोकेश स्वामी, महफूज अली, विूमला देवी, प्रेम कंवर, घनश्याम बैरवा, कैलाश दरोगा, नीरज गुप्ता, दिनेश बड़गुर्जर, मंगल जाट, पवन नामा सहित अन्य कई कोर कमेटी के सदस्य शामिल रहे।

कल्याण जी महाराज के लगाई अर्जी : मालपुरा जिला बनाओ कोर कमेटी के सदस्य गुरूवार को जयपुर पहुंचने से पूर्व जन जन की आस्था के केन्द्र डिग्गी धाम पहुंच श्री कल्याण जी महाराज के दर्शन कर मालपुरा को जिला बनाने की विनती की। इस दौरान मन्दिर के सेवारत पुजारी ने कोर कमेटी सदस्यो से पूजा करवा कर स्वागत अभिनन्दन किया।

श्री ग्वालेश्वर महादेव मंदिर शिवालय व काली बाग शिवालय में सहस्त्र घट का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की संकट चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री ग्वालेश्वर महादेव मंदिर के शिवालय में महंत बजरंगदास वैष्णव के सानिध्य में अखण्ड सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। महंत बजरंगदास वैष्णव ने बताया कि श्री ग्वालेश्वर महादेव मंदिर के शिवालय में सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ के छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्री ग्वालेश्वर महादेव मंदिर के शिवालय में आचार्य ललित किशोर गौतम, मुकेश गौतम, श्याम तिवारी, कमलेश गौतम व राजकुमार शर्मा के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना क श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, शहद, शक्कर, गन्ना रस, भांग व बील रस से अभिषेक किया। हजारों घड़ों से अभिषेक किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी जिमाई गई। इस अवसर पर मदनलाल माली, सीताराम अग्रवाल, अशोक पारीक, कैलाश जाट,फूलचंद सैन एवं इंदिरा वैष्णव सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे। इसी प्रकार काली बाग के शिवालय में सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। आचार्य पं. मोहनलाल शास्त्री खणदेवत के आचार्यत्व में पं. रामप्रसाद शर्मा, पं. सांवरमल शर्मा, पं. दीपक शर्मा, रविशंकर शर्मा व पं. कमलेश शर्मा ने यजमान हेमन्त बटावती, वंश प्रदीप पारीक व अविनाश पारीक सहित अन्य साथी यजमानों से पूजन करवाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का शहद, शर्करा, दूध, दही, घी, ईक्षुरस, बील रस, पंचामृत, भांग व जल से अभिषेक किया। इसके बाद सहस्त्र घटों से जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के बाद भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया और आरती की गई। तत्पश्चात विभिन्न व्यंजनों का भोलेनाथ के भोग लगाकर प्रसादी जिमाई गई।

कंज्यूमर केयर अभियान के तहत 9 गैस सिलेंडर जप्त, निवाई में कई प्रतिष्ठानों की हुई जांच

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। जन्माष्टमी पर्व सहित आगामी त्यौहारों पर मिठाई, सूखे मेवे व बेकरी उत्पाद आदि के साथ डिब्बा तौलने, कम माप-तौल आदि की रोकथाम के लिए रसद विभाग द्वारा 18 अगस्त से विशेष कंज्यूमर केयर अभियान शुरू किया गया। जिससे शहर में स्थित दुकानदारों में हडक़म्प मच गया। अभियान के तहत जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा के नेतृत्व में संयुक्त जांच दल ने शहर में कई प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान टोंक रोड पर स्थित जैन नमकीन भंडार, बीकानेर मिष्ठान भंडार पर जांच के दौरान तौल मशीन का सत्यापन नहीं पाया गया। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को देखते हुए मौके से 9 गैस सिलेंडर जप्त किए गए। सभी दुकानदारों के विरुद्ध विधिक माप विज्ञान अधिनियम के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। जिसके तहत खामियां पाए जाने पर दुकानदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

रामकथा महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण, सजने लगा कथा महोत्सव स्थल

विशाल एवं भव्य कलश यात्रा से कल से शुरू होगा महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित श्री गोपाल गौशाला परिसर में महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक आयोजित होने वाले दिव्य श्री राम कथा महोत्सव आयोजन को लेकर श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद की संयुक्त मीटिंग आयोजित हुई।

बीति देर रात्रि आयोजित मीटिंग से महोत्सव की तैयारियो को अन्तिम रूप प्रदान किया गया। मीटिंग में महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर निकाले जाने वाली विशाल एवं भव्य कलश यात्रा की तैयारियो पर विचार विमर्श कर अन्तिम निर्णय कर यात्रा व आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। परिषद प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी दिनेश विजय ने बताया कि मीटिंग में मालपुरा के इतिहास में आयोजित होने वाले पहले भव्य रामकथा महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर निकाले जाने वाली कलश यात्रा को को दिव्यता प्रदान करने पर विचार विमर्श हुआ। महोत्सव पूरी तरह से गौसेवार्थ आयोजित किया होगा। आयोजन में खर्च होने वाली राशि के बाद बचने वाली सम्पूर्ण राशि श्री गोपाल गौशाला को भेंट की जाएगी। आयोजन को आकर्षक दिव्य एवं सुन्दर बनाने के लिए उपस्थित प्रबुत्रजनो ने विचार रखे। मीटिंग में व्यवस्थापक रामबाबू परतानी, सह व्यवस्थापक डॉ. राजकुमार वर्मा, ज्ञानचन्द जैन, गिरधारी आगीवाल, त्रिलोकचन्द विजय, दशरथ मुंशी, महेश गुप्ता, ओमप्रकाश , अशोक काबरा, एडवोकेट पुरूषोतम सैनी, बालूराम गुर्जर, श्यामसुन्दर पाण्डेता, ओमप्रकाश शर्मा डेयरी, रामजीलाल शर्मा, राजेन्द्र सैनी, मोतीलाल कारवाल, एडवोकेट कृष्णकांत जैन व प्रवक्ता दिनेश विजय मौजुद रहे।

जिला रसद अधिकारी ने दुकानों पर अनियमितता मिलने पर जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। कन्ज्यूमर केयर अभियान के तहत जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा के नेतृत्व में गुरुवार को संयुक्त जांच की कार्यवाही की गई। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जोधपुर मिष्ठान भंडार सवाई माधोपर चौराहा, टोंक, जैन नमकीन भंडार एवं बीकानेर मिष्ठान भंडार निवाई पर कांटा असत्यापित मिलने माप अधिनियम के तहत दोनो दुकानों से दो-दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार टोंक शहर के मिथलेश नमकीन एंड स्वीट्स पर का कांटा असत्यापित एवं प्रमाण पत्र का उल्लंघन होने के 2500 रुपये का जुर्माना किया गया। निवाई के अजमेर चाट भंडार पर कांटा व प्रमाण पत्र का प्रदर्शन नहीं करने पर 500 रुपये के जुर्माने की राशि वसूल की गई। इसके साथ ही, निवाई में घरेलु गैस के व्यवसायिक उपयोग की जांच के दौरान जैन नमकीन निवाई के यहां से 9 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किये गये। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में 5 फर्मों पर अनियमिततायें मिलने पर 9 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। संयुक्त जांच टीम में प्रवर्तन अधिकारी धर्मचंद अग्रवाल, रामभजन मीना समेत माप विज्ञान अधिकारी अशोक मित्तल मौजूद रहे।

टोंक जिले में दोपहर में बारिश शुरू, बीसलपुर बांध में दस घंटे में महज 2 सेंटीमीटर पानी आया, टोंक शहर में भी बारिश हुई

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जिले में एक बार फिर से बारिश का दौर शूरू हो गया है। जिला मुख्यालय समेत कई जगह कई तेज तो कई हल्की बारिश हुई। जिला मुख्यालय पर शाम पौने चार बजे से मध्यम गति की बारिश शुरू हुई। यह दस मिनट तक हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इसके बाद भी रुक रुक कर हल्की और रिमझिम बारिश होती रही। इससे पहले दोपहर को दूनी तहसील के एक दर्जन गांवों में दोपहर एक बजे से करीब दो बजे तक एक घंटा तेज बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी बह निकला। वहीं लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा है, लेकिन बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है।लेकिन थोड़ी निराशा की बात है कि बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र में तेज बारिश नहीं होने से बांध में पानी की आवक काफी कम हो रही है। 10 घंटे में महज दो ष्टरूपानी की आवक हुई है। इसी के साथ बीसलपुर बांध का जल स्तर गुरुवार शाम 4 बजे तक 313.39 आर एल मीटर हो गया है। अभी काफी धीमी गति से पानी की आवक बनी हुई है। उधर, बीसलपुर बांध को छोड़कर अन्य 32 बांधों में भी 99.55 प्रतिशत पानी की आवक बनी हुई है। इनमें बीते 48 घंटे में बारिश काफी कम होने से पानी की आवक काफी कम बनी हुई है।

प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा शहर के अजमेर रोड स्थित श्री राजपूत सभा भवन में श्री राजपूत सभा मालपुरा की आवश्यक बैठक गुरूवार को तहसील अध्यक्ष धनसिंह राजावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

गुरूवार को आयोजित बैठक में सभा के तत्वावधान में आयोजित किए जाने वाले सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर चर्चा हुई। सभा की अगली बैठक में समारोह की तिथि व स्थान को अन्तिम रूप प्रदान किया जाएगा। बैठक में शेरसिंह राजावत, चावंड सिंह, भगवान सिंह, गोपाल सिंह, प्रभूसिंह, भंवरसिंह, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह , जब्बर सिंह, भंवरसिंह, सहित अन्य कई समाजबंधु मौजुद रहे।

पहाडी के नाडी वाले बालाजी के मंदिर में अखंड रामायणजी की पूर्णाहूति व विशाल भण्डारा 25 को

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। ग्राम पंचायत पहाडी के नाडी वाले बालाजी के मंदिर में महंत दिनेशदास महाराज नागाबाबा रामपुरा चित्तौडगढ भीलवाडा के सानिध्य में संपूर्ण श्रावण मास पर अखंड रामायणजी के पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालु रामप्रसाद पटेल ने बताया कि नाडी वाले बालाजी के मंदिर में श्रावण मास पर अखंड रामायणजी के पाठ का आयोजन को लेकर बालाजी की प्रतिमा पर चोला चढाकर अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आचार्य कैलाश भारद्वाज के नेतृत्व में विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोचारण के साथ नित्य गणेश पूजन एवं हवन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को रामायणजी की पूर्णाहुति की जाएगी। इस दौरान महाआरती करके विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अयोध्या धाम, जनकपुर, चित्रकूट, पीलीभीत, नैमिशाल, पुष्कर, काशी, जयपुर, टोंक एवं कबीर मठ सहित कई आश्रमों से सैंकडों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर बनवारी अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, कैलाश जाट, कमल चौधरी, रतिराम एलटी, रामजीलाल पटेल, लोकेश जैन, माधव शर्मा, पंडित दुर्गाशंकर व्यास, अनिलकुमार व्यास, चेतन शर्मा, नारायण भट्ट, राकेश वैष्णव, रंगलाल पटेल एवं अंकित जाट सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

राहोली सडक़ मार्ग से सजिया की और जाने वाली सीसी रोड का टूटा रपटा, आवागमन बंद, बड़ा हादसा होने की आशंका

बढ़ता राजस्थान

निवाई/गुंसी। ग्राम पंचायत गुंसी से राहोली जाने वाले सडक़ मार्ग से सजिया की और जाने वाली सीसी रोड पर बने रपटा बारिश के पानी से पूरी तरह टूट गया। जिससे आवगमन बंद हो गया व बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीण बनवारी यादव, कपूर चंद, श्रवण, सीताराम, रमेशचन्द, श्योजीराम व सुरेश सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि राहोली सडक़ मार्ग से सजिया की और जाने वाली सीसी रोड पर बना रपटा गत एक सप्ताह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा हुआ है। इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह बंद है।

इसके टूट जाने से सजिया की छाजोलाई की ढाणी के निवासियों को सडक़ मार्ग तक आने के लिए दो किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रशासन की और से इस मार्ग पर सांकेतिक बोर्ड नही लगाए जाने से हादसे की आशंका भी बनी हुई है।

बरसात से मौसम हुआ खुशनुमा

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। गुरूवार को मौसम में बदलाव होने के साथ ही तेज बरसात होने से मौसम खुशनुमा हो गया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गुरूवार को मौसम में परिवर्तन होने के साथ दोपहर बाद आकाश में मानसूनी बादल घूमते हुए दिखाई दिए और तेज बरसात का दौर शुरू हो गया। इस दौरान बरसात होने से तापमान में गिरवाट आने से मौसम सुहावना हो गया।

हिंगलाज माता गेहलपुर के लिए पदयात्रा हुई रवाना

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। हिंगलाज माता गेहलपुर के लिए गांव कारोला से 12वीं पदयात्रा ध्वज पूजन के बाद माता जी के जयकारों के साथ रवाना हुई। श्रद्धालु पारस योगी ने बताया कि गांव के चतरनाथ बाबा के मंदिर में गुरुवार को ध्वज पूजन के बाद राधाकिशन गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। कारोला गांव में लोगों ने पद यात्रियों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पदयात्रा झिराणा, लावा, डिग्गी व किशनगढ़ होते हुए 24 अगस्त को हिंगलाज माता गेहलपुर पहुंचेगी। पदयात्रा में माता जी के भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। पद यात्रा में चेतन योगी, महेश योगी, नाथू योगी, सूरजलाल योगी, कमलेश योगी, दशरथ योगी, गेंदी नाथ, सोदान योगी, ओमप्रकाश, पप्पू योगी, स्वामी योगी, हीरालाल व गणेश योगी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

एलआईसी पॉलिसी मैच्योर होने का झांसा देकर महिला से ठगे 45 हजार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। बजाज नगर थाना इलाके में साइबर ठगों ने एलआईसी पॉलिसी मैच्योर होने का झांसा देकर एक महिला से 45 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार वंसुधरा कॉलोनी गोपालपुरा मोड़ निवासी हेमलता शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उसके कॉल कर स्वयं को एलआईसी कर्मचारी बताया और कहा कि आपकी पॉलिसी मैच्योर हो गई है। आपके खाते में 25 हजार रुपए डालने है। इसके बाद आरोपित ने उसके मैसेज भेजा जो कि फेक था। इसके बाद आरोपित ने उसके खाते से दो बार में 45 हजार रुपए निकाल लिए। उसके खाते से एक बार 20 और दूसरी बार में 25 हजार रुपए ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपनों के टॉर्चर से दुखी होकर पुलिस हैड कांस्टेबल ने की आत्महत्या

पुलिस की अस्थाई चौकी में फांसी का फंदा लगाकर दी जान, दोस्तों के ग्रुप में डाला छह पेज का सुसाइड नोट

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एक हेड कांस्टेबल ने गुरुवार सुबह भांकरोटा थाने की अस्थाई पुलिस चौकी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को उतार कर अस्पताल पहुंचाया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना भांकरोटा थाना इलाके की है। आत्महत्या करने से पहले मृतक ने छह पेज का सुसाइड नोट अपने बैच के साथियों के वाट्सअप ग्रुप के अलावा अन्य कुछ लोगों को भेज दिया। एक मीडियाकर्मी ने सुसाइड नोट की जानकारी पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) को दी। इस पर पुलिस उपायुक्त ने हैड कांस्टेबल को लेकर थानाधिकारी से जानकारी मांगी। लोकेशन के आधार पर पुलिस उसे खोजते हुए अस्थाई चौकी पर पहुंची तो अंदर से गेट बंद मिला। इस पर खिड़की से झांककर देखा गया तो वह पंखे से फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद गेट तोड़कर हैड कांस्टेबल को उतार कर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि मृतक हैड कांस्टेबल बाबू लाल पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) कार्यालय में तैनात था और इससे पहले वह भांकरोटा थाने में तैनात था। किसी मामले में आठ-दस महीने पहले थानाधिकारी चैनाराम, एएसआई और हेड कांस्टेबल बाबूलाल को संस्पेंड (निलंबित) कर दिया। हाल ही हैड कांस्टेबल को बहाल करने के बाद उसकी ड्यूटी पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) कार्यालय में लगाई थी।

मालखाने का चार्ज सौंपने आया था बाबू लाल, दो-तीन माह पहले ही किया था बहाल : थानाधिकारी ने बताया कि बाबू लाल के पास थाने के माल खाने का चार्ज था। वह लगातार कुछ दिन से मालखाने का चार्ज संभालने के काम में जुटा था। वह मालखाने में रखे अन्य सामान की जानकारी दे चुका था और शराब की जानकारी दे रहा था। इसके लिए वह लगातार थाने या चौकी पर आ रहा था। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे उसने एचएम को फोन कर कहा था कि मालखाने का चार्ज लेने आ जाओ। इस पर एचएम ने किसी काम में फंसे होने की बात कहकर उसे थाने पर बुलाया था। इसके बाद उसके पास डीसीपी पश्चिम का फोन आया और कहा कि बाबू लाल कहां पर है। इस पर उसकी खोजबीन की गई तो उसके आत्महत्या करने का पता चला। हेड कांस्टेबल ने मरने से पहले अपने साथियों के वाट्सएप ग्रुप और कुछ अन्य साथियों को सुसाइड नोट भेजा था। बाबू लाल ने अस्थाई चौकी में वायर से पंखे के फंदा कर जान दी है। अस्थाई चौकी का गेट अंदर से बंद था। मामले की जांच की जा रही है। बाबू लाल को दो-तीन माह पहले ही बहाल किया गया था। बाबू लाल ने छह पेज का सुसाइड नोट लिखा है।

जांच से दुखी होकर उठाया कदम,जांच अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप : हेड कांस्टेबल ने ग्रुप पर डाले गए सुसाइड नोट में उसके खिलाफ चल रही जांच में अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने से दुखी होना लिखा है। मृतक ने सुसाइड नोट में जांच अधिकारियों द्वारा उसे परेशान किए जाने सहित अन्य कई आरोप लगाए है। खास बात यह है कि हेड कांस्टेबल के पास माल खाने का चार्ज था, मालखाने से भी सामान खुर्द-बुर्द होने की बात सामने आ रही थी। वह मालखाने का पूरा हिसाब नहीं दे पा रहा है। मालखाने से पुलिस द्वारा जब्त शराब के कम होने के कारण वह उसकी पूरी जानकारी नहीं दे पा रहा था।

मुकुंदपुरा में जमीन पर कब्जे की शिकायत पर किया गया था सस्पेंड : भांकरोटा के मुकुंदपुरा गांव में आठ बीघा विवादित जमीन पर कब्जा कराने के मामले में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने करीब एक साल पहले भांकरोटा थानाधिकारी चैना राम और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) संजीव नैन ने एएसआई सुरेन्द्र सिंह व हैड कांस्टेबल बाबूलाल को सस्पेंड (निलम्बित) कर दिया था। मुकुंदपुरा गांव में आठ बीघा जमीन का खातेदार व एग्रीमेंट करने वाले दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इस जमीन पर स्टे भी था। इस दौरान थानाधिकारी ने एक पक्ष के साथ मिलीभगत करके कब्जा करवाने में मदद की और पहले से काबिज पक्ष के कुछ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो हलचल मच गई। उसके बाद थानाधिकारी ने दोनों पक्षों की तरफ से प्रकरण दर्ज कर लिए। मामले की जानकारी पुलिस कमिश्नरेट तक पहुंचने पर मामले की जांच सीनियर अधिकारियों से कराई गई। जिसके बाद थानाधिकारी भांकरोटा चैनाराम नरादणिया को पुलिस कमिश्नरेट बुला कर उनका पक्ष जाना। लेकिन चैनाराम घटना और खुद के द्वारा किए गए काम को स्पष्ट नहीं कर सके। इस पर चैनाराम को सस्पेंड (निलंबित) कर पुलिस लाइन में आमद कराने के आदेश दिए गए थे। वहीं इस पूरे प्रकरण की जांच सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) वैशाली नगर को दी गई थी।

विधायक मनोज न्यांगली के खाते से साइबर ठगों ने निकाले नब्बे हजार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। चूरू की सादुलपुर सीट से विधायक मनोज न्यांगली के खाते से साइबर ठगों द्वारा नब्बे हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी के अनुसार वारदात का पता जब चला तब विधायक अपनी पासबुक में एंट्री करवाने के लिए बैंक गए। इस पर विधायक मनोज न्यांगली ने जयपुर के ज्योति नगर थाने में साइबर ठगी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई उदयवीर सिंह ने बताया कि चूरू की सादुलपुर सीट से विधायक मनोज कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि ज्योति नगर स्थित विद्युत भवन में भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच में उनका बैंक खाता है और इक्कीस अगस्त को वह पासबुक लेकर ट्रांजैक्शन की एंट्री कराने बैंक गए थे। पासबुक में एंट्री करवाने के दौरान उन्हे पता चला कि चार अगस्त और बीस अगस्त को उनके बैंक खाते से दो बार के ट्रांजैक्शन में नब्बे हजार रुपये की नकदी निकाली गई है। इस पर उन्होंने बैंक के कर्मचारी से इन ट्रांजैक्शन की जानकारी ली तो सामने आया कि उनके खाते से रुपए दूसरे खातों में ट्रांसफर किए गए हैं। इसके चलते विधायक मनोज कुमार थाने पहुंचे और धोखाधड़ी और साइबर ठगी का मामला दर्ज करवायज्ञ। पुलिस ने विधायक के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर खाते की जांच पडताल मे जुट गई है। इसके अलावा विधायक के खाते से रुपए किस खाते में ट्रांसफर किए है,उसकी भी जानकारी निकालने का प्रयास करने में जुटी है।

21 वा गणेश महोत्सव अग्रवाल धर्मशाला में बनाया जाएगा धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। गणेश मंडल की आम मीटिंग शहर के गंज में आयोजित की गई । जिसमे सर्वसमिति से 21 वे गणेश महोत्सव को धूमधाम से श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में बनाने का निर्णय लिया गया। ग्वालियर के मशहूर कारीगरों द्वारा 12 फुट की गजानन की मूर्ति प्रांगाड मे विराजमान होगी । आम सभा में पुरानी कार्यकारणी भंग करके नवीन कार्यकारणी का चुनाव, चुनाव अधिकारी हरिशंकर सर्राफ के निर्देशन में हुआ, जिसमे सर्वसमित्ति से अध्यक्ष पद के लिए सर्वसमिती से कृष्णमुरारी शिवहरे को चुना गया एवम महामंत्री पद के रवि गर्ग (छोटू) एवम उपाध्यक्ष पद के लिए रवि सिंघल एवम पूजा मंत्री के लिए अनुराग बासु, मंत्री पद के लिए सुरेश मराठा, संगठन मंत्री देवो पटवारी, कोषाध्यक्ष पद पीयूष मित्तल, सूचना मंत्री पवन वर्मा को चुना गया । कार्यकारिणी में गणेश मंडल के सभी सदस्य सम्मिलित रहे।

एलआईसी पॉलिसी मैच्योर होने का झांसा देकर महिला से ठगे 45 हजार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। बजाज नगर थाना इलाके में साइबर ठगों ने एलआईसी पॉलिसी मैच्योर होने का झांसा देकर एक महिला से 45 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार वंसुधरा कॉलोनी गोपालपुरा मोड़ निवासी हेमलता शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि किसी ने उसके कॉल कर स्वयं को एलआईसी कर्मचारी बताया और कहा कि आपकी पॉलिसी मैच्योर हो गई है। आपके खाते में 25 हजार रुपए डालने है। इसके बाद आरोपित ने उसके मैसेज भेजा जो कि फेक था। इसके बाद आरोपित ने उसके खाते से दो बार में 45 हजार रुपए निकाल लिए। उसके खाते से एक बार 20 और दूसरी बार में 25 हजार रुपए ठग लिए। ठगी का पता चलने पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो शातिर चेन स्नेचरों सहित खरीदार भी चढे पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। महेश नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाशों सहित चोरी की चेन खरीदने वाले दो खरीदारों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चेन तोड़ने में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। गिरफ्तार चेन स्नेचरों के खिलाफ कई मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि महेश नगर थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण टीम ने कार्रवाई करते हुए चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले रवि नायक (25) निवासी प्रतापगढ़ जिला अलवर हाल चित्रकूट जयपुर,ओमप्रकाश सैनी (25) निवासी खेडली जिला अलवर सहित चोरी का माल खरीदने वाले खरीदार राजेन्द्र सोनी (64) निवासी सांगानेर जयपुर और रोशन सोलंकी (25) निवासी दिल्ली हाल खानाबदोश मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में जवाहर सर्किल,बजाज नगर,महेश नगर,श्याम नगर,अशोक नगर,वैशाली नगर सहित अन्य थाना इलाके में एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुषों के गले से चेन छीनने की वारदात को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

प्रदेश में निःशुल्क दवा आपूर्ति तंत्र का होगा सुदृढ़ीकरण

आरएमएससी का दल अध्ययन के लिए भोपाल यात्रा पर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। प्रदेश में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से राजस्थान मेडिकल सर्विसेज़ कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल मध्यप्रदेश में संचालित निःशुल्क दवा योजना का अध्ययन करने भोपाल गया है।

इस दल में कार्यकारी निदेशक लॉजिस्टिक डॉ. कल्पना व्यास, राज्य नोडल अधिकारी इन्वेंट्री एवं सप्लाई चैन डॉ. प्रेम सिंह, राज्य नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना डॉ. राम बाबू जायसवाल एवं अतिरिक्त निदेशक आईटी श्री विक्रम सांखला शामिल हैं। गिरि ने बताया कि मध्यप्रदेश के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों तक दवा आपूर्ति तंत्र का अध्ययन किया जाएगा। इस अध्ययन से प्राप्त अनुभवों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज के आधार पर राज्य के दवा आपूर्ति तंत्र का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। दल ने गुरूवार को

मध्यप्रदेश में प्रबंध निदेशक, मध्यप्रदेश मेडिकल सर्विसेज़ कॉरपोरेशन के साथ बैठक कर इस विषय पर चर्चा की और वहां निःशुल्क दवा योजना के संचालन को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया की जानकारी ली।

साथ ही, जिला अस्पताल का दौरा कर औषधि भण्डार गृह की कार्यप्रणाली देखी। बैठक में एमपीपीएचएससीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पंकज जैन, सीजीएम टेक्नीकल डॉ. हेमंत पंचोली एवं डॉ. पंकज पाराशर, उप निदेशक एनएचएम मध्यप्रदेश डॉ. मनीष सिंह एवं एसपीओ श्री शिरीष तिवारी उपस्थित रहे। यह दल शुक्रवार को दवा आपूर्ति प्रबंधन को देखने के लिए मध्यप्रदेश के सिहोर ज़िले के ब्लॉक और स्वास्थ्य संस्थानों का भ्रमण करेगा एवं निदेशक, नेशनल हेल्थ मिशन एवं अन्य अधिकारियों से भी इस विषय पर चर्चा करेगा।

पुलिस हेड कांस्टेबल दो हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना बालेसर जिला जोधपुर ग्रामीण के पुलिस हेड कांस्टेबल वचनाराम को परिवादी से दो हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि चरित्र सत्यापन जारी करने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल वचनाराम दो हजार रूपये की

रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी की जोधपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पुलिस हेड कांस्टेबल वचनाराम को दो हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

सैनिक स्कूल में ग्रुप स्तरीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल जारी

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.)। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में चल रहे ग्रुप स्तरीय अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित हुई। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के मध्य खेले गए बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल अमेठी को 38-16 से हराया। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए बास्केटबॉल मैच में सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ ने सैनिक स्कूल मैनपुरी को 38-16 से हराया। सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक

स्कूल रीवा के मध्य हुए मुकाबले में सैनिक स्कूल रीवा विजेता रहा। सैनिक स्कूल रीवा एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के मध्य खेले गए हॉकी मैच में चित्तौड़गढ़ ने रीवा को 3-0 से हराया। सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए हॉकी मैच में मैनपुरी ने अमेठी को 3-2 से हराया। सैनिक स्कूल रीवा एवं सैनिक स्कूल अमेठी के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में अमेठी ने रीवा को हराया। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में चित्तौड़गढ़ ने मैनपुरी को हराया। सैनिक स्कूल रीवा एवं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में चित्तौड़गढ़ ने रीवा को हराया। सैनिक स्कूल अमेठी एवं सैनिक स्कूल मैनपुरी के मध्य खेले गए वॉलीबॉल मैच में अमेठी ने मैनपुरी को हराया।

राज्यपाल ने सेवा भावना रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए कार्य के लिए किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित सेंचुरी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में नी रिप्लेसमेंट रोबोटिक सर्जरी मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी महत्वपूर्ण पहल है। इससे छत्रपति संभाजी नगर में घुटने के रोग से पीड़ित मरीजों का बड़े स्तर पर लाभ हो सकेगा। उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सकों से मशीन के बारे में पूरी जानकारी ली और चिकित्सालय प्रबंधन से सेवा भाव रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए कार्य करने का आह्वान भी किया।

उपमुख्यमंत्री से मिल कर राजस्थान को ऑर्गेनिक राज्य बनाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मिलकर राजस्थान को पूर्ण जैविक प्रदेश बनाने की मांग की।

डॉ. अतुल गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में अवगत करवाया कि राजस्थान जैविक प्रदेश बनने की पूरी योग्यता रखता है। इससे न केवल किसानों और पशुपालकों की आय कई गुणा बढ़ेगी वरन् सरकार को भी अधिक राजस्व मिलेगा। जैविक उत्पादन में प्रदेश के हजारों महिला स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

जैविक उत्पादों के प्रसंस्करण, वितरण से जुड़ी नई औद्योगिक इकाइयां खड़ी होगी। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में एक नया उछाल आएगा। प्रतिनिधि मंडल में हैनिमन चैरिटेबल मिशन सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता भी शामिल रहीं। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को श्री पिंजरापोल गोशाला परिसर स्थित जैविक ऑर्गेनिक केन्द्र का भ्रमण का आमंत्रण भी दिया।

क्या हम दिमाग़ पर असर डालने वाले जीका वायरस से घिरे हैं : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जीका वायरस या जीका बुखार एक वायरस जनित बीमारी है । यह फ्लेविवायरस हैं जो मच्छरों एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस के द्वारा फैलाया जाता हैं। यह वायरस एक आर.एन.ए.वायरस जीका संक्रमण का कारण बनता है। इसको अमीबिक मेनिंगोएंसेफेलाइटिस नाम दिया है । जीका वायरस शरीर की कोशिकाओं का उपयोग करके खुद की और प्रतियां बनाता है। यह वीर्य, रक्त, मूत्र, एमनियोटिक द्रव,मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में पाए जाने वाले शारीरिक तरल पदार्थों में भी पाया जा सकता हैं। जीका संक्रमण रक्त में एक सप्ताह से 12 सप्ताह से भी अधिक समय तक रह सकता हैं।

ज़ीका के लक्षण

ज़ीका से संक्रमित केवल 5 में से 1 व्यक्ति में ही लक्षण दिखाई देते हैं, जिनमें शामिल हैं - बुखार,सिरदर्द,जोड़ों और मांसपेशियों का दर्द ,ठंड लगना, पसीना आना,आंखों के सफेद भाग में लालिमा (नेत्रश्लेष्मलाशोथ), त्वचा पर उभरे हुए चपटे लाल चकत्ते जिनमें खुजली हो सकती है।

ज़ीका वायरस कैसे फैलता है

1. **मच्छर**-जीका संक्रमण का सबसे आम तरीका ए.ई. एजिप्टी और ए.ई. एल्बोपिक्टस मच्छरों के काटने से होता है। ये मच्छर जीका वायरस को तब फैलाते हैं जब ये किसी संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर किसी और को काटते हैं।
2. **गर्भवती महिला से भ्रूण तक**- यदि गर्भवती महिला को जीका संक्रमण है, तो यह प्लेसेंटा के माध्यम से भ्रूण तक पहुँच सकता है। जीका के कारण बच्चा माइक्रोसेफली जैसी जन्मजात स्थितियों के साथ पैदा हो सकता है।
3. **यौन संपर्क**-जीका वायरस संक्रमण के बाद कई हफ़्तों या महीनों तक वीर्य जैसे शरीर के तरल पदार्थों में रह सकता है, यह मौखिक, गुदा या योनि सेक्स के ज़रिए दूसरे लोगों में फैल सकता है।
4. **रक्त आधान**-रक्त आधान के माध्यम से जीका संक्रमण फेल सकता है ।

ज़ीका का निदान

रक्त या मूत्र में वायरस के लक्षणों से जीका का निदान किया जाता है।

कैसे रोकथाम करें

1. मच्छरों से खुद को बचाएँ- खुले शरीर को कपड़ों से ढँकें या ईपीए-पंजीकृत कीट विकर्षक लगाएँ। खिड़कियों में जाली लगे कमरे में या मच्छरदानी के नीचे सोएँ। यात्रा से लौटने के बाद कम से कम तीन सप्ताह तक मच्छरों के काटने से बचें।
2. कंडोम का इस्तेमाल करें या सेक्स से दूर रहें ।
3. अगर आप या आपका साथी गर्भवती होना चाहते हैं तो सावधानी बरतें।
4. अगर आप या आपका साथी जीका के जोखिम वाले क्षेत्र में यात्रा करते हैं या जीका से पीड़ित हैं, तो गर्भवती होने की कोशिश करने से पहले प्रतीक्षा करें। इससे भ्रूण में संक्रमण फैलने का जोखिम कम हो जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन एवं एमएसएमई मंत्री ने उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के उद्यमियों के साथ की बातचीत

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने उदयपुर के सुखेर औद्योगिक क्षेत्र में मार्बल और ग्रेनाइट उद्योग से जुड़े एमएसएमई उद्यमियों से बातचीत की। उद्यमियों से बातचीत करते हुए उन्होंने एमएसएमई के लाभ के लिए बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि हाल ही में घोषित केंद्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए कई प्रमुख सिफारिशें की गई हैं, जिनमें सिडबी के शाखा नेटवर्क का विस्तार भी शामिल है।

एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया की वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी का उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय पधारने पर मेवाड़ी ओढनी उपरना एवं शोल से भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने बताया की राजस्थान द्वारा उत्पादित 90प्रतिशत से अधिक घरेलू मार्बल और ग्रेनाइट अब विलासिता की वस्तु नहीं है। इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना रेलवे स्टेशन पर फर्श के रूप में किया जाता है। शहरी क्षेत्र में इसका स्थान पहले ही आयातित मार्बल, टाइल्स आदि ने ले लिया है। आज राजस्थान का पूरा मार्बल उद्योग अपने अस्तित्व पर संकट का सामना कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में मार्बल का बाजार मूल्य पहले से 30-40प्रतिशत कम हो गया है। जीएसटी से पहले मार्बल और ग्रेनाइट पर लगभग 5प्रतिशत वैट था। जीएसटी काल में यह 18प्रतिशत है जो मार्बल के उपयोग को हतोत्साहित कर रहा है।

सचिव नीरज शर्मा में बताया की उदयपुर मार्बल मंडी पिछले 30 सालों से स्थापित हैं परन्तु अभी तक औद्योगिक क्षेत्र विस्तार नहीं होने से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं एक समय था उदयपुर एशिया की सबसे बड़ी मार्बल मंडी थी। यहाँ अत्यधिक मात्रा में मार्बल निर्यात होता था। वर्तमान क्षेत्र ऋ्ब्ह एरिया के नजदीक आ चूका हैं जिससे जमीनों के भाव काफी बढ़ चुके हैं। हम पिछले 25 सालो से सरकारों से मांग कर रहे हैं परन्तु सरकार ने हमको एरिया बता कर अटका रखा हैं हम आप श्री के इस सुप्रीम मंच के माध्यम से निवेदन करना चाहते हैं की कोई नया औद्योगिक क्षेत्र (स्टोन पार्क) यहाँ सुखेर मार्बल मंडी के नजदीक दिया जाए जिससे हमारा ह्श्वङ्ख् ञ्श्वष्ट॥ह्हस्न्तङ्ग / श्वह्ञत्रक्क्षह्श्वत्र / ह्श्वङ्ख् ष्ठ्श्वङ्क्श्वस्न्ह्क-स्न्श्वह्ञ कर सके जो वर्तमान में जगह के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

इस कार्यक्रम में उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जी जैन, ग्रामीण विधायक फुल सिंह मीणा, के साथ ही उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, सह सचिव नरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन तथा सभी मार्बल व्यापारी उपस्थित रहे।

रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में आंचलिक प्रतियोगिताओं का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 रावतभाटा में अंतर परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय आंचलिक स्तर (उत्तर अंचल)अंग्रेजी वाद विवाद, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, और अंडर 14 टेबल टेनिस प्रतियोगिता के शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्थान परमाणु बिजली घर इकाई 5 और 6 के केंद्र निदेशक राजेश रोज, मुख्य अधीक्षक राजस्थान परमाणु बिजली घर इकाई 3 और 4 एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक भाटिया, मुख्य निर्णायक अनिल दुबे, समन्वयक प्राचार्य परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 , दिलीप सिंह ,उपप्राचार्य परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 ,संदेश कुमार राय, आदि अतिथियों के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक रोहिताश्व गौतम के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया । मेजबान विद्यालय, परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 के प्राचार्य लोकेश जोशी के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया ।

प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शारीरिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं । इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश रोज ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और अपने विचार प्रस्तुत करते हुए वाद विवाद प्रतियोगिता का इतिहास और क्विज(त्त्न्ल्ठ्ठ)शब्द का पूरा नाम त्वरित वर्दी बुद्धिमान क्षेत्र बताया । समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य आमंत्रित गणमान्य अतिथियों के समक्ष टेबल टेनिस प्रतियोगिता के निर्णायको एवं अनुरक्षण शिक्षकों द्वारा अपना परिचय प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य महोदय लोकेश जोशी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। उप प्रधानाचार्य मुकुंद देवधर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट गान के साथ किया गाया ।

घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले भले आदमी को मिलेंगे दस हजार

सीएम भजनलाल शर्मा की जोरदार पहल: घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में इलाज मुहैया कराने की मंशा से मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन*

बढ़ता राजस्थान

चूरू(नि.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील एवं जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। सडक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जीवन रक्षा के लिए घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में (गोल्डन ऑवर) चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने के दृष्टिगत आमजन को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का अतिक्रमण करते हुए राज्य सरकार की ओर से यह व्यवस्था की गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम चिकित्सा संस्थान (हॉस्पिटल/ट्रोमा सेंटर आदि) में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को दस हजार रुपए की राशि देय होगी। योजना का क्रियान्वयन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जाएगा। योजना हेतु सम्पूर्ण बजट समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित होंगे। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाला भला व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी पहचान आदि देने तथा योजना लाभ लेने को तैयार होने की स्थिति में अस्पताल के ईमरजेंसी रूम में कार्यरत केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर द्वारा उसका नाम, उम्र, लिंग, पता, मोबाईल नम्बर, पहचान पत्र, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, एमएलसी नंबर इत्यादि परिशिष्ट-1 में अंकित किये जाएंगे।

सेक्टर-4 में सुख शांति हेतु जप अनुष्ठान हुआ संपन्न

चाह और चिंता से दूर रह सुखी जीवन व्यतीत करें-संयमलताश्री

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। सेक्टर-4 में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय महासाध्वी डॉ. श्री संयमलताजी म.सा., डॉ. श्री अमितप्रज्ञाजी म.सा., श्री कमलप्रज्ञाजी म.सा., श्री सौरभप्रज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा-4 के सान्निध्य में सुख-शांति-समृध्दि हेत महामंगलकारी अनुष्ठान सानंद संपन्न हुआ।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी डॉ. संयमलता ने कहा कि सुखी जीवन का राज सिर्फ इतना सा है कि हम चाह और चिंता से दूर रहें। हम अभाव में नहीं सद्भाव में जीएं। कर्तापन के बोझ को अपने सिर से उतार फेंके और अहंकार शून्य, सच्चाई पूर्ण जीवन यापन करें। प्रतिष्ठा, प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा से बचें और अध्यात्म व आत्म धर्म की दिशा में गतिशील रहें।

नीरजा मोदी में 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत बच्चों को बाँटे पौधे

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। नीरजा मोदी स्कूल में देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार वृक्षारोपण हरियालो राजस्थान के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देवस्थान विभाग के आयुक्त वासुदेव मालावत ,सहायक आयुक्त जतिन गाँधी व जितेंद्र कोठारी के सानिध्य में स्कूल के बच्चों को पौधे वितरित किये गए।

चेयरपर्सन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बच्चों को पौधे वितरित करते समय उन्हें पर्यावरण संरक्षण व धरती पर हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया। आम, पीपल ,अशोक ,गुलमोहर , नीम ,जामुन व अन्य पौधो की पहचान व उसके बारे में जानकारी दी गई। पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे के टी गार्ड लगाये गए।

पौधे वितरण कार्यक्रम के बाद निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए माँ का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए हमें विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धरती पर हरियाली बढ़ाने के दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने का संकल्प लेना है। एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बचाने का संकल्प लेना है। बच्चों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

युवक को जबरन उठाकर ले जाने व उसके साथ मारपीट कर घायल करने के आरोप में मामला दर्ज

पीडित युवक ने मारपीट करने वालों पर जबरन "जय श्री राम" के नारे लगवाने का आरोप लगाया

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। ब्यावर जिले के सेन्दडा थानान्तर्गत झाला की चैकी से एक युवक को उठा कर ले जाने व उसके साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में सेन्दडा पुलिस ने 5-6 युवकों को पुछताछ के लिये हिरासत मे लिया हैं। मसूदा थानाधिकारी ने बताया कि पीडित युवक के अनुसार जितु भाटी, रविन्द्र, देवा आदि लोगो ने लठ, लकडी, सरिये से ताबडतोड जानलेवा हमला करने की कोशिश की। मारपीट के दौरान मारपीट करने वाले लगातार वीडियों बनाकर लाईव दिखा रहे थे। इस मामले में सेन्दडा पुलिस ने बी एन एस की धारा 189(2), 140(3), 127(2), 115(2), 109(1), 351(2), 352 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं।

ज्ञातव्य है कि झाला की चैकी निवासी जितु व उसके साथी लोगों ने मसूदा निवासी समीर उर्फ पटेल को सेन्दडा से बर गिरवर होटल जाते वक्त झाला की चोकी चोराहे पर रोककर दो मोटरसाईकिलों पर सवार करीब 6 युवकों ने उसके साथ मारपीट कर उठा लिया और जवाजा के जंगलों में जाकर उसके साथ मार पिटाई कर लहुलुहान कर दिया। मार पिटाई करने वाले युवक ने मारपीट करते का वीडियो फैसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर लाईव चला रखा था। इस मामले की जानकारी जब पुलिस अधिकारियों को पता चली तो जवाजा के थानाधिकारी हरिराम व मसूदा के थानाधिकारी जगदीश आदि ने फोन की लोकेशन डिटेक्ट कर मौके पर पहुंचे, जहां मारपीट करने वाले युवक पुलिस की गाडी आते देखकर मौके से फरार हो गये।

सरदारशहर के शिक्षक कलाकार प्रवीण जेदीया ने हनुमानगढ़ के जिला कलेक्टर को भेट किया पोट्रेट फोटो

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (नि.स.)। गुरुवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़ में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक के अवसर पर कला शिक्षक प्रवीण जेदिया के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हे मुन्ने कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ श्रीमान कानाराम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्राचार्य महोदय समस्त विद्यालय प्रबंध समिति की मौजूदगी में प्रवीण जेदीया ने जिला कलेक्टर साहब को उनका पोट्रेट भेंट किया। उक्त पोट्रेट को मिश्रित माध्यम में निर्मित किया गया था। उपस्थित सभी विद्वानों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा कला शिक्षक की सराहना की गई ।

सुख सुविधाए, स्वस्थ शरीर, अनुकूल धन वैभव सत्ता सभी पुण्य की देन:संयमज्योति

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। सूरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि पुण्य हौज की तरह है। हौज से व्यक्ति पानी निकालता है तो हौज खाली होता है, फिर उसमे पानी भरना पड़ता है। धर्म कुएं की तरह है। कुएं मे कितना भी पानी निकालो, उसमे स्वत: ही पानी आता है।

साध्वी ने कहा कि सुख सुविधाए, स्वस्थ शरीर, अनुकूल धन वैभव सत्ता आदि सब पुण्य की देन है लेकिन पुण्य खत्म होते ही अनुकूलताएँ प्रतिकूलता में बदल जाती है। साध्वी ने कहा- जो परिवर्तन के नियम को स्वीकार कर लेता है वह किसी भी स्थिति में विचलित नहीं होता। उसके चेहरे की मुस्कराहट में कोई बदलाव नही आता यहाँ तक की भयंकर रोग की स्थिति में भी वह खिन्न नही होता। प्रसन्नता उसके चेहरे से झलकती है। प्रसन्नता का कारण धर्म को जीवन में जीना है, वही रोग का कारण कर्मसत्ता है।

साध्वी ने कहा- धर्म सत्ता व्यक्ति को निगेटीविटी को नेगलेक्ट करवाती है वही पॉजिटिविटी को सलेक्ट करवाती है। धन की हानि होने पर कर सोचता है जो हुआ अच्छा हुआ, सस्ते में निपटे। इससे अधिक भी हानि हो सकती थी, अरे धन की हानि हुई जन की तो नही हुई, धन की हानि की तो आज नही कल भरपायी से सकती है परंतु जन की हानि की भरपाई संभव नहीं। जन की हानि पर वह सोचता है संयोग का वियोग निश्चित है।

लाइट्स प्रकरणों को लेकर शासन सचिव 23 अगस्त को लेंगे बैठक

चूरू (नि.स.)। न्याय विभाग के शासन सचिव की अध्यक्षता में 23 अगस्त शाम 4 बजे वीसी के माध्यम से लाइट्स प्रकरणों को लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा।

एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि बैठक में लाइट्स सॉफ्टवेयर पर दर्ज प्रकरणों के अद्यतन, राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रकरणों की कॉल लिस्ट विभागों को प्रदर्शित किए जाने एवं उनकी प्रविष्टि लाइट्स सॉफ्टवेयर पर भी होना सुनिश्चित करने, लाइट्स पर प्रविष्टियों को शुद्ध एवं अद्यतन किए जाने आदि के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा।

कोटा में मोहर्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कोटा में मोहर्रम को लेकर गुरुवार को कोटडी नई पुलिस चौकी गुमानपुरा पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोहर्रम के आयोजनों की तैयारियों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच कोटा के प्रभारी मोहम्मद यासीन ने बताया कि 25 अगस्त को मोहर्रम की रात को कोटरी शाही जामा मस्जिद से जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा, 26 अगस्त को दिन के समय भी मोहर्रम के जुलूस निकालने की योजना है। इस दौरान तीन मुकाम से मोहर्रम उठाए जाएंगे, जो कोटडी सब्जी मंडी, जमाल चौक, और कोटरी चौराहे से होते हुए किशोर सागर तालाब पर रात 8 बजे पहुंचेंगे। मोहम्मद यासीन ने बताया कि इस दौरान लगभग 80 मोहर्रम आयोजित किए जाएंगे, और कोटरी, गुमानपुर, श्रीपुर, रंडी पड़ा, काला तालाब और छावनी जैसे क्षेत्रों में भी मोहर्रम की रस्में पूरी की जाएंगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद यासीन, नेता सईद भाई, शकील भाई, सदर साहब, शमशु भाई, सदर अयूब भाई, अनवर भाई, आशिक अली, शाहिद अली, और भारतीय जनता पार्टी के शहर जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद यासीन ने भाग लिया।

मोहम्मद यासीन ने यह भी बताया कि 26 अगस्त 2024 को जन्माष्टमी के अवसर पर रात 10 बजे हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के जिंदाबाद के नारों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज टोंक आएँगे

बढ़ता राजस्थान

टोंक (नि.स.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर टोंक आएंगे। वे यहाँ भाजपा के वरिष्ठ और स्थानीय पदाधिकरियों से देवली- उनियारा विधान सभा के उप चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने बताया की टोक जिले की सीमा पर राठौड़ का भव्य स्वागत किया जाएगा, प्रदेश अध्यक्ष गाड़ियों के काफ़िले के साथ सुबह 11 बजे कृषि ऑडिटोरियम मे सांगठनात्मक बैठक लेंगे इस बैठक मे मुख्य रूप से देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति बनाई जायेगी प्रदेश अध्यक्ष के साथ पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधमोहन अग्रवाल सह प्रभारी विजया राहतकर, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, जितेंद्र गोठवाल, प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, ओम प्रकास भड़ाना, प्रभु लाल सैनी, जलदाय मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी, निवाई विधायक उपस्थिति रहेंगे।

ब्यावर में खाद्य विभाग के निर्देश पर रसद अधिकारी ने कई दुकानों की जांच कर गेहूं व दालों का स्टॉक चेक किया

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। खाद्य विभाग के निर्देशानुसार ब्यावर जिले के रसद अधिकारी द्वारा मुरारीलाल प्रवर्तन निरीक्षक के साथ दाल व गेहूं के व्यापारियों के स्टॉक की जांच की गई। जांच में कई तरह की खामिया पाई गई जिन्हें ठीक से व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि मैसर्स कशिश एनटरप्राइजेज, मैसर्स रेखा फ्लोर एण्ड दाल मिल, मैसर्स धन लक्ष्मी फ्लोर मिल्स, मैसर्स गंगाराम एण्ड कम्पनी, मैसर्स विनीत फ्लोर मिल्स व मैसर्स सुरेश दाल मिल्स सभी ईकाइया ब्यावर की जांच दल द्वारा व्यपारियों की पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने एवं नियमित स्टॉक अपडेट करने को निर्देशित किया गया हैं। श्री सादिक ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में दलहन (तुर, तुअर, और चना, काबूली चना सहित) स्टॉक सीमा 30 सितम्बर 2024 तक प्रभारी रहेगी। जिले के समस्त व्यापारियों को आगाह करते हुए कहा कि दाल (तुर, चना, काबूली चना सहित) स्टॉक का खुलासा / इन्द्राज भारत सरकार के पोर्टल पर किया जाना अनिवार्य हैं।

इसी प्रकार जिले में गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक प्रभावी जिले के समस्त व्यापारियों को गेहूं के स्टॉक का खुलासा / इन्द्राज भारत सरकार के पोर्टल पर करेंगे। यदि किसी व्यापारी द्वारा रजिस्ट्रेशन कर स्टॉक का आनलाईन खुलासा / इन्द्राज नहीं किया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। खाद्य विभाग के निर्देशानुसार दलहन एवं गेहूं के स्टॉक की नियमित जांच के लिये जांच कार्य गठन कर जांच कार्य किया जायेगा।

केन्द्र सरकार, सेबी और अडानी समूह की मिलीभगत के कारण लाखों परिवारों की मेहनत की कमाई का भविष्य अंधकार में : नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

अलवर/जयपुर (का.स.)। कांग्रेस पार्टी द्वारा अडानी महाघोटाले की जेपीसी मांग को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन पर राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आज केन्द्र सरकार, सेबी और अडानी समूह की मिलीभगत के कारण लाखों परिवारों द्वारा मेहनत की कमाई से शेयर बाजार में किए गए निवेश का भविष्य अंधकार में आ गया है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच की जिम्मेदारी है कि शेयर मार्केट पर नजर रखें एवं किसी भी ऐसी घटना की निष्पक्ष जांच करें जिससे निवेशकों की मेहनत की कमाई संकट में न आए। हिंडनबर्ग समूह द्वारा पहले जारी की गई रिपोर्ट में अडानी समूह द्वारा की जा रही अनियमितताएं सामने आईं जिनकी जांच स्ध्वद्भ्ठ्ठ को करनी थी। ऐसे में यह बेहद आवश्यक था कि सेबी के पदाधिकारियों का अडानी समूह से कोई संबंध ना हो परन्तु सेबी की प्रमुख का ही अडानी समूह से सीधा संबंध निकला है। इस कारण ना तो अनियमितताओं की जांच हो सकी है और ना ही सच जनता के सामने आया है। जबकि निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपये का भविष्य संकट में आ गया है। इस मिलीभगत और इससे हुए घोटाले को उजागर करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति से जांच की जानी चाहिए।

जूली ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार अडानी समूह के कार्यों पर सवाल उठाते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपराधबोध से ग्रसित होकर चुनावी सभा में अडानी समूह पर लोकसभा चुनावों में कालाधन रखने का आरोप लगा दिया था परन्तु इन आरोपों की ना तो ईडी और ना ही आयकर विभाग ने जांच की। अब हिंडनबर्ग रिपोर्ट में सेबी और अडानी समूह के बीच का रिश्ता सामने आया है। ऐसे में ये बेहद जरूरी हो गया है कि सेबी इन सभी आरोपों की जांच करे।

जूली ने कहा कि आज विपक्ष के पास राहुल गांधी जैसे मजबूत नेता प्रतिपक्ष हैं जिसके कारण पहले अपनी जिद पर अडिग रहने वाले हठधर्मी देश के पीएम को अपने फैसले पलटने को मजबूर होना पड़ रहा है। चाहे यूपीएससी में लेटरल एंट्री का फैसला हो या वक्फ बोर्ड बिल को संसदीय समिति को भेजना, यह दिखाता है कि आज देश की मजबूत आवाज बन चुके राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन की सत्य और न्याय की लड़ाई के आगे केन्द्र की भाजपा सरकार का अंहकार निरंतर हार रहा है। आज नहीं तो कल इस मोडानी महाघोटाले की सच्चाई जनता के सामने उजागर होगी।

बिना पदोन्नति के हजारों शिक्षक हो रहें रिटायर्ड, चार सत्रों से नहीं हुई पदोन्नतियां

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा) । सरकारी स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के सभी पदों को भरने एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शुरू करने की मांग को लेकर राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्यव्यापी आंदोलन के प्रथम चरण में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाहा व ब्लॉकमंत्री विवेक शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के जल्द निराकरण कराने की मांग रखी। इस दौरान संघ के प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा किशिक्षा विभाग में पिछले चार सत्रों से डीपीसी नहीं होने से शिक्षक संवर्ग को समय पर पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है, बिना पदोन्नति के हजारों शिक्षक व शिक्षा अधिकारी रिटायर्ड हो रहे हैं। लेकिन विभाग डीपीसी नहीं कर रहा है। जिसके चलते स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक,व्याख्याता,प्रधानाचार्य नहीं होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । संघ जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने कहा कि शिक्षकों पर आए दिन तरह तरह के गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ लाद दिया जाता है, शिक्षक तबादलों के नाम पर सरकार कोई नीतिगत निर्णय नहीं ले रही है। जिसके चलते हजारों शिक्षक घर परिवार से दूर वर्षों से प्रताड़ना झेल रहे हैं।आखिर शिक्षकों को इस बात का पता होना चाहिए किउनके तबादले इस साल होंगे। जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा ने जल्द शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करअधिशेष शिक्षकों का समायोजन करने की मांग की।

व्यापार मंडल और खांडसारी संघ के नवीन अध्यक्ष बने संजय गोयल

व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, अन्य कार्यकारिणी का भी गठन,

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा) । शहर की व्यापार मंडल किराना एवं खांडसारी संघ का वार्षिक अधिवेशन अचलेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित हुआ। वार्षिक अधिवेशन के दौरान विगत कार्यकारिणी द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया। जिसके बाद इसकी पुष्टि की गई। समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में निवर्तमान अध्यक्ष अमित मंगल द्वारा अपनी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का चुनाव करने और अध्यक्ष बनाए जाने के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिसमें कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मंगल को चुनाव अधिकारी बनाया गया। जिनकी अध्यक्षता में सर्वसम्मति से व्यापार मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें एक बार फिर से पूर्व अध्यक्ष रहे संजय कुमार गोयल को व्यापार मंडल का अध्यक्ष चुना गया।

इस दौरान कार्यकारी के अन्य पदाधिकारियों का भी निर्वाचन हुआ जिसमें संरक्षक रामनिवास गोयल को चुना गया। उपाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद,महामंत्री योगेश बंसल,मंत्री मनोज कुमार,कोषाध्यक्ष अजय गर्ग,संगठन मंत्री निरंजन कुमार,मीडिया प्रभारी अशोक गोयल,सूचना मंत्री गोपाल गर्ग,देवेंद्र बंसल और रामनिवास को बनाया गया। कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में गोपाल गोयल,सोनू मोदी,राकेश,राजेंद्र गर्ग,अमित मंगल,मुकेश,दुर्गा प्रसाद गर्ग और बंटू को बनाया गया है।

व्यापार मंडल के नवीन अध्यक्ष संजय कुमार गोयल ने बताया कि व्यापार संघ के पदाधिकारी और वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें फिर से जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वे अन्य पदाधिकारियों के साथ तन,मन और धन से निभाएंगे साथ में व्यापार मंडल का विस्तार हो और संगठन मजबूत इसके लिए उनका प्रयास रहेगा।

कोतवाली थाना पुलिस कार्यवाही, दो वर्ष से फरार जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी /धौलपुर (नि.स.) । उपखंड की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैर इरादतन हत्या के प्रयास के एक आरोपी को दो वर्ष बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ मिलकर पत्थर की फड़ पर काम करने वाले एक मजदूर पर हमला किया था। जिसमें मजदूर गंभीर रूप से घायल हुआ था। घटना को लेकर पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी तब से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

कोतवाली थाने के उप निरीक्षक जगदीश सागर ने बताया की 26 अप्रैल 2022 को शहर के बसेड़ी रोड स्थित केशव बंसल के पत्थर की फड़ पर काम करने वाले एक मजदूर पर जानलेवा हमला हुआ था। उक्त घटना में आरोपी चंदू पुत्र महावीर गुर्जर निवासी डॉयलें का पुरा के साथ एक दर्जन के करीब लोग शामिल थे। जिसमें लाठी,डंडों और पत्थरों से सड़क पर फड़ के पास खड़े मजदूर पर हमला हुआ था। घटना में घायल मजदूर जितेंद्र पुत्र फददीराम लोधा निवासी अलीगढ़ थाना कंचनपुर ने कोतवाली थाने में एफआईआर संख्या 164/22 में मामला दर्ज कराया था। जिसमें आरोपी चंदू गुर्जर और अन्य की पुलिस दो वर्ष से तलाश कर रही थी।

जरिए मुखबिर 21 अगस्त बुधवार की रात सूचना मिली कि आरोपी चंदू गुर्जर बाड़ी बस स्टैंड के पास देखा गया है जो रात्रि बस से कहीं जाने की फिराक में है। इस पर एसआई जगदीश सागर के साथ कांस्टेबल राजपाल और विजयपाल ने मौके पर पहुंच आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से थाने पर दर्ज मामले में धारा 323,341,325 और 308 में पूछताछ की जा रही है।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.) । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष धौलपुर सतीश चंद द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशां की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवा सकते हैं जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव रेखा यादव, जिला न्यायालय के पीए मनोज वर्मा, प्राधिकरण के लिपिक सुरेन्द्र सिंह, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा, कार्यवाहक जेल अधीक्षक पूरन चंद शर्मा, हैड कॉनि. मनोज सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

अब कोई निर्भया नहीं होगी शर्मिन्दा - आमजन की पुकार शहीद स्मारक से महारैली का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। आर.जी.कर. कॉलेज कोलकत्ता (प.बंगाल) में महिला रेजिडेंट चिकित्सक छात्रा का बलात्कार एवं निर्मम हत्या एवं अस्पताल परिसर में शांति पूर्वक विरोध कर रहे रेजिडेंट चिकित्सको एवं महिला चिकित्सको पर पुलिस की मौजूदगी में जिस तरीके से अराजक तत्वो एवं गुंडों की भीड़ ने आक्रमण किया एवं अस्पताल में तोड़फोड़ कर घटना के सबूतों को नष्ट करने की कोशिश की गयी उसके विरोध में समस्त अलवर बहुत आक्रोशित है ।लायंस क्लब अलवर मत्स्य , इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , ई.एस.सी.आई. मेडिकल कॉलेज , स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप के संयुक्त आह्वान पर एक महारैली का आयोजन शुक्रवार को सांय 5ः00 बजे शहीद स्मारक, चर्च रोड, होप सर्कस, घंटाघर, मेहताब सिंह का तिराहा, भगतसिंह चौराहा, बिजली घर चौराहा, नंगली सर्किल होते हुए शहीद स्मारक पर समाप्त होगी

वही दिवंगत आत्मा को मोमबत्ती जलाकर श्रधांजलि देते हुए रैली समाप्त करेंगे !

कल होने वाली महारैली में लायंस क्लब अलवर मत्स्य , आई.एम.ए. अलवर, ई.एस.सी.आई. मेडिकल कॉलेज डॉक्टर्स एवं स्टूडेंट्स , आई.टी.आई कॉलेज, सदभाव मंच, टेन्ट एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, स्पीक मैके, अलवर चेम्बर ऑफ कॉमर्स, मत्स्य उद्योग संघ, व्यापार महासंघ ,भारत विकास परिषद् अलवर, एन.सी.सी, एन.एस.एस. ,इनर व्हील क्लब अलवर, वामा क्लब, सहयोग सेवा संसथान, ब्लड बैंक एसोसिएशन ,प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेन्टर, सभी लायंस क्लब, सभी रोटरी क्लब, भारत विकास परिषद्, स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप, विज़न संस्थान ,अपना घर शालीमार सोसाइटी , गायनी एसोसिएशन, राष्ट्रीय महिला यौन हिंसा मुक्ति मंच, भारत परिवार, राजस्थान महिला शिक्षक संघ, चिकित्सको (निजी और सरकारी), सभी प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेन्टर, क्लिनिक, डेंटल क्लिनिक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीचर्स इत्यादि अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगे।

आपसे भी अपील है कि इस वीभत्स अपराध में शामिल वास्तविक अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर दिवंगत चिकित्सक को न्याय और सभी चिकित्सको के कार्यस्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर सरकार को हमारा यह सन्देश पहुंचाने में सहयोग प्रदान करे ।

अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज की बैठक अध्यक्ष योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमें सर्वप्रथम नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी के द्वारा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने एवं महिला मंडल व नवयुवक मंडल के चुनाव अग्रसेन जयंती के बाद करवाने व अग्रसेन जयंती तक कार्यवाहक महिला मंडल व नवयुवक मंडल का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। भामाशाह रविंद्र कुमार शाह (खड़ब वाले) उत्तर लखीमपुर आसम द्वारा अग्रसेन भवन में पांच पंखे भेंट किए गए। सेठ मूलचंद प्रभु दयाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अग्रवाल समाज कोटपूतली के किसी भी अग्रवाल भाई के दिनांक 21अगस्त 2024 के बाद तीसरी संतान होने पर 50000 हजार नगद राशि पुरस्कार व दिनांक 21अगस्त 2024 के बाद उत्पन्न तीसरी लड़की की शादी होने पर 50000 हजार नगद राशि का पुरस्कार दिया जाएगा।अंत में कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल द्वारा पुरानीकार्यकारिणी का आय व्यय का हिसाब सदन के पटल पर रखा। बैठक में अध्यक्ष योगेश बंसल उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल महामंत्री नितेश बंसल कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल मंत्री प्रमोद गोयल एवं कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बंसल,ताराचंद मित्तल,राजेश बंसल,सुरेश बंसल, हेमंत मोरीजावाला,योगेश गुप्ता, अशोक बंसल,नरेश अग्रवाल, दिनेश सिंघल,संगम बंसल, रामविलास सिंघल,सांवरमल गोयल आदि सदस्य मौजूद रहे।

डिवाइडर से टकराई बाइक, साले ने तोड़ा दमः जीजा हुआ घायल, सब्जी लेने जाते समय तसीमों पार्वती पुल के पास हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर(नि.स.)। धौलपुर के सैंपऊ थाना क्षेत्र के तसीमों पार्वती पुल के पास डिवाइडर से एक बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार साले की मौत हो गई, वहीं, जीजा घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया गया।

बाइक सवार जीजा सूरज निवासी धौलपुर और उसका साला रामभजन (30) पुत्र सियाराम निवासी कुम्हेरी अपनी बाइक से सब्जी लेने के लिए गए थे। जहां रास्ते में पार्वती नदी के पुल पर उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार दोनों जीजा साले को सैंपऊ अस्पताल भेजा। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने बाइक सवार युवक रामभजन को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, दूसरे बाइक सवार सूरज को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद दोनों बाइक सवार युवक की पहचान के लिए लोगों ने उनकी तलाशी ली, तो उनकी जेब से दो शराब के क्वार्टर मिले। जिसको लेकर शराब के नशे में हादसा होने की बात सामने आ रही हैं। घटना के बाद गुरुवार को अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया। परिजनों द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुट गई है।

कोलकाता में हुए जघन्य कांड को लेकर इनर व्हील क्लब अलवर ने निकाला कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। इनर व्हील क्लब अलवर ने गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला। कंपनी गार्डन स्थित शहीद स्मारक पर क्लब के सदस्यों द्वारा कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में हुए जघन्य अपराध के विरोध में कैंडल मार्च निकाला स्लोगन दिखाकर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए सरकार से माँग की है कि जल्द से जल्द अपराधियों को इतनी कड़ी सजा दी जाए कि आने वाली पुश्ते इस तरह का जघन्य अपराध करने से घबराए इनरव्हील क्लब प्रेसिडेंट नीलू जैन सेक्रेटरी दया गर्भ में द्भक्क्क अलका मित्तल तीसरा अंजना सहाय सदस्य आशा जी सहित अन्य क्लब सदस्यों ने भाग लिया।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के मामले में हिंदू संगठनों व संतो द्वारा रैली का आयोजन

जिला कलेक्टर कार्यालय में एडीएम को राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय हमलों व अत्याचार को लेकर गुरुवार को हिन्दु संघठनो के साथ संतों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।इससे पहले हिन्दु संघठनो और संतों द्वारा शहर में रैली भी निकाली गई।यह रैली लक्ष्मीनारायण मन्दिर से हनुमान चालीसा का पाठ करके रवाना होकर अग्रसेन तिराहा होते हुए मेन चौराहा से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देने के साथ सम्पन्न हुई।संत बोले 卐यह जागने का समय सनातन को समाप्त करने की हो रही साजिश हम सब हमारे दूर बैठे हिंदू भाइयों के साथ खड़े हैं।रैली निकालने से पूर्व लोगो ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

इस दौरान गणेशानन्द महाराज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले दिनों भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में बेकसूर अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बर्बरता की गई। भारत में इतने मुसलमान रहते हैं जितने पड़ोसी देशों में भी नहीं है लेकिन वह एकदम सौहार्द के साथ यहां रहते हैं ।यह सनातन को मिटाने की साजिश है । हमें अब जागना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को यह संदेश देना चाहिए कि हम दूर बैठे हमारे भाइयों के साथ खड़े हैं।इसी क्रम में कोटपुतली में हिन्दु संगठनों द्वारा एडीएम योगेश डागुर को ज्ञापन के जरिए हिंदू हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने तथा तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर इस मामले को सुलझाते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और अत्याचार रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। रैली में सैकड़ों की संख्या में हिन्दू संगठनो समेत सन्त और आमजन भी शामिल रहें।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के एक्शन प्लान के अनुसार गुरुवार को अजय शर्मा (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), एवं विशाल भार्गव (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागृह ,भीलवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शर्मा ने जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड से बंदियो के स्वास्थय तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली एवं बंदियो की स्वास्थय संबधी शिकायत के त्वरीत समाधान हेतु निर्देशित किया एवं जेल परिसर में स्थित रसोईघर का भी निरीक्षण कर बंदियो को दिये जा रहे भोजन की गुणवता की भी जांच की गई। बंदियो से उनकी समस्याओं के बारे मे जाना और किसी बंदी के अधिवक्ता नहीं होने पर वह विधिक सहायता हेतु निशुल्क अधिवक्ता हेतु आवेदन करने के बारे में बताया गया। महिला बंदियों के बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली । जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने साफ सफाई रखने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश जेल अधीक्षक को दिए।

कोटा हिसार ट्रेन आधी रात को दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। गुडला में कोटा हिसार ट्रेन आधी रात को दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई। दौड़ती ट्रेन में गार्ड के डिब्बे के ब्रेक जाम होने से अचानक धुआं और चिंगारी निकलने लगी। घटना का पता चलते ही ट्रेन को गुडला में रोका गया। बाद में धुएं और चिंगारी पर काबू पाने के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुड़ला स्टेशन के पास कोटा से यह ट्रेन रात करीब 11.50 बजे रवाना हुई थी।ट्रेन रवाना होते ही अचानक गार्ड के डिब्बे के ब्रेक ब्लॉक जाम हो गए। इसके चलते ब्रेक ब्लॉक पहिए से चिपक गए। लगातार घर्षण होने से पहिए और ब्रेक ब्लॉक से तेजी से धुंआ और चिंगारी निकलने लगी। घटना के समय तेजी से दौड़ती ट्रेन रात 12 बजे गुड़ला स्टेशन पार कर रही थी। इस दौरान गाड़ी को गुड़ला स्टेशन पर रुकवाया गया, जहां चिपके हुए ब्रेक को सही कर गाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया। दरअसल, पॉइंट्समैन राजेश कुमार की नजर अचानक गार्ड के डिब्बे से तेजी से निकलते धुंए और चिंगारी पर पड़ी थी। इसके बाद राजेश ने वॉकी-टॉकी पर ड्राइवर को तुरंत ट्रेन रोकने को कहा। अनहोनी की आशंका से आपातकालीन ब्रेक लगाते हुए ड्राइवर ने ट्रेन को मौके पर ही खड़ा कर दिया। इसके बाट स्टेशन उपाधीक्षक रजनीश मीणा, गार्ड, ट्रेन ड्राइवर और कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर डिब्बे की जांच की। इस जांच में सभी को ब्रेक ब्लॉक पहिए से चिपके नजर आए। इसके बाद कर्मचारियों ने ब्रेक ब्लॉक को रिलीज करने की कोशिश की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी कर्मचारी इसमें सफल नहीं हो सके. इसके बाद मामले की सूचना कोटा से कैरिज विभाग के कर्मचारियों को गुड़ला भेजा गया. आधी अधूरी तैयारी के साथ गुड़ला पहुंचे इन कर्मचारियों की काफी कोशिशें के बाद भी ब्रेक सिस्टम ठीक नहीं हो सका। बाद में पूरे औजारों के साथ कोटा से और कर्मचारियों को गुड़ला भेजा गया। काफी प्रयासों के बाद डिब्बे की खराबी दूर हो सकी और ब्रेक रिलीज किया जा सका। इसके बाद गाड़ी आगे के लिए रवाना हुई। इस घटना के चलते यह ट्रेन गुड़ला में करीब 2 घंटे खड़ी रही। इस दौरान रेल संचालन प्रभावित रहा। इस दौरान कोटा से रवाना हुई उदयपुर-निजामुद्दीन मेवाड़ एक्सप्रेस भी करीब आधे घंटे तक गुड़ला के पास खड़ी रही। बाद में कोटा-हिसार ट्रेन को वापस पीछे लेकर रास्ता साफ किया गया। इसके बाद मेवाड़ और अन्य ट्रेनों को लूप लाइन से निकाला गया। ट्रेन लेट होने से यात्री परेशान होते रहे।

घरेलू झगड़े के बाद पति ने किया सुसाइड, हॉस्टल के ऑफिस में फांसी लगाई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। पति पत्नी के बीच आपसी झगड़े में युवक ने सुसाइड कर लिया। उसने हॉस्टल के ऑफिस में जाकर फांसी लगा ली। युवक रविंद्र (25) खडीला, थाना अटरू जिला बारां का रहने वाला था। वर्तमान में कुन्हाड़ी स्थित लैंडमार्क सिटी स्थित एक हॉस्टल में रहता था। उसकी पत्नी हॉस्टल में वार्डन का काम करती है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। बड़े भाई हेमराज के अनुसार रविंद्र 2017 से कोटा में रहकर काम करता था। मई 2023 में उसकी शादी की थी। रविंद्र की पत्नी गर्ल्स हॉस्टल में वार्डन का काम देखती है। पति रविंद्र प्राइवेट काम करता था। दोनों लैंडमार्क स्थित एक हॉस्टल में रह रहे थे। रात 1 बजे रविंद्र के सुसाइड करने की जानकारी फोन पर मिली। जिसके बाद गांव से कोटा आए। रविंद्र व उसकी पत्नी राखी पर गांव आए थे। त्योहार के बाद मंगलवार को वापस कोटा आ गए। गांव से आने के बाद घरेलू बातों को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ बताया। कुन्हाड़ी थाना एएसआई धनराज के अनुसार रात को पारिवारिक कारणों के चलते दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पत्नी अपने कमरे में थी। रविंद्र ने ऑफिस में जाकर बेड शीट से फांसी लगा ली। पता लगने पर परिजन व हॉस्टल स्टाफ उसे एमबीएस हॉस्पिटल लाए। रात 1 बजे एमबीएस चौकी से थाने को सूचना मिली। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

हत्या और हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपी युवकों को आजीवन कारावास व 40-40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रमांक 2 विनोद कुमार बैरवा ने हत्या और हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को सजा सुनाई है। आरोपी राकेश बंजारा और लक्ष्मण गाडरी को आजीवन कारावास और 40-40 हजार रुपए जुर्माना की सजा दी गई है। मामला 7 जून 2022 का है, जब पीड़ित जगदीश चंद्र ने पुलिस को बताया कि उसने अपने दोस्तों के साथ होटल पर खाना खाने के बाद जब वापसी की, तो रास्ते में एक विवाद में हस्तक्षेप किया। इस दौरान आरोपी राकेश बंजारा ने चाकू से उसकी पीठ में वार किया और दशरथ बंजारा को भी गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपी राकेश बंजारा और लक्ष्मण गाडरी को गिरफ्तार कर लिया। एफएसएल रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने उन्हें दोषी ठहराया। अदालत ने राकेश बंजारा को हत्या (धारा 302) के तहत आजीवन कारावास, हत्या के प्रयास (धारा 307) के तहत 7 वर्ष की कठोर सजा, और जानलेवा चोट (धारा 326) के तहत 3 वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही राकेश बंजारा को आयुध अधिनियम (धारा 4/25) के तहत 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा भी दी गई है। अभियोजन पक्ष ने 21 गवाहों और 43 दस्तावेजों के आधार पर अपने दावे को साबित किया, जबकि बचाव पक्ष की दलीलों पर सुनवाई के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया।

सरकारी स्कूल पलायथा में उर्दू विषय के रिक्त पड़े उर्दू लेक्चरर व तृतीय श्रेणी अध्यापक लगानें की मांग

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.)। अंता पंचायत की ग्राम पलायथा पंचायत की वार्ड मेम्बर अजरा खानम ने राज्य सरकार से मांग करतें हुये कहां कि पलायथा गांव में सरकारी स्कूल राजकिय माध्यमिक विद्यालय में उर्दू विषय के टिचर नहीं होने के कारण मुस्लिम बच्चों को उर्दू विषय पड़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अजरा खानम ने बताया कि स्कूल में ऐक ही अध्यापक हे जो प्रमोशन होकर जाने वालें हे जो बड़ी क्लास को कुछ वक्त तक पड़ा कर चलें जायेंगें अब वर्तमान में 6 से 10 क्लास उर्दू बच्चों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। उर्दू लेक्चरर व तृतीय श्रेणी उर्दू टीचर्स की जगह अभी तक भरी नहीं है।। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व अंता विधानसभा विधायक कंवरलाल मीणा को इस समस्या के हल के लिये पत्र के माध्यम से अवगत करवा दिया है।। उप सरपंच भंवर लाल सुमन, समाजसेवी तबरेज पठान, वार्ड मेम्बर मनीष,वार्ड पंच विनोद मेहरा, बंटी खां, वार्ड पंच शाहिना, गफ्फार खान, फिरोज पठान, मों हारून, खुर्शीद भाई, अब्दुल कलाम,आदि ने सहयोग प्रदान किया।

महिला जागरूकता एक दिवसीय कार्यशाला पुलिस थाना अंता में आयोजित की गई

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.)। महिला अधिकारिता विभाग के अधीन संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र अंता कार्यकारी संस्था प्रिया प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अंता ब्लाक की ग्राम पंचायत साथिनो के साथ एक दिवसीय कार्यशाला पुलिस थाना अंता में आयोजित की गई । इसके अंतर्गत मुख्य वार्ताकार के रूप में डिस्ट्रीक्ट हब फॉर वुमन एमपावरमेंट पुष्पा शर्मा व विजय सुमन द्वारा ग्राम पंचायत साथिनो को 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान की साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत कृषि विषय में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन राशि योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि की जानकारी दी। ब्लॉक सुपरवाईजर मांगरोल मोनिका शर्मा द्वारा शिक्षा सेतु, इन्दिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, सखी केन्द्र आदि की जानकारी दी गई। द्य अंता थाना एस आई रामनिवास द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीस साक्ष्य अधिनियम 2023 में बच्चों व महिलाओं के अधिकारों, ऑन लाइन एफ0आई0आर0 जैसे नवीन संशेधनों के बारे में जानकारी दी। केंद्र की परामर्शदाता आशा सुमन व सुनीता मालव द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराते हुवे बताया की घरेलू हिंसा ,महिला उत्पीडन , पारिवारिक उलझन से परेशान महिलाओ के लिए सुलभ न्याय मिले , इसके लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर परिवार में हुए आपसी झगड़ो को दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया जाता है और पुन: घर बसाया जाने का प्रयास किये जाते है साथ ही ग्राम पंचायत साथिनो को केंद्र के पम्पलेट भी वितरित किये गए द्य कार्यशाला में कांस्टेबल हरवीर सिंह व कृष्ण कुमार भी मोजूद रहे।अन्त में संस्था अध्यक्ष सुशील खंडेलवाल ने सभी को धन्यवाद दिया ।

मंगलाचरण के साथ गूंजी जैन महिला बैंड की मधुर स्वर लहरियां

विद्यासागर संत भवन का लोकार्पण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। श्री मारवाड़ी अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट 1008 पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर के बालीता स्थित संत भवन का लोकार्पण समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रीजी का प्रवेश कराया गया। समारोह में मुख्य अतिथि प्रकाश चंद जैन काजू मैंहरू वाले थे। वहीं विशिष्ट अतिथि ताराचंद बडला, विनोद जैन कालेड़ा, प्रेमचंद जैन नासर्दा थे। इस अवसर पर संत भवन के निर्माण में सहयोगी समाज के भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

लोकार्पण से पूर्व आचार्य विद्यासागर संत भवन के प्रवेश द्वार पर पदम प्रभु महिला मंडल बालिता की अध्यक्ष मैना जैन, आशा जैन, रिंकू जैन, टीना जैन सहित 45 महिलाओं के समूह द्वारा भव्य बैंड वादन किया गया। अध्यक्ष गणपतलाल, संरक्षक टीकमचंद जैन ने ध्वजारोहण किया। अभिषेक, शांति धारा के साथ विधान पूजन की पूर्णाहुति हुई। अंतराष्ट्रीय लोक कलाकार अलका दुलारी जैन कर्मयोगी ने केसरिया केसरिया आज हमारे रंग केसरिया, पारस प्यारा लागो... पर नृत्य प्रस्तुत किया तो उपस्थित सभी सामाजिक महिलाएं झूम उठी।

महामंत्री महेंद्र जैन तथा राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि आचार्य विद्यासागर संत भवन भूमि का शिलान्यास फरवरी पूर्व स्वायत शासन मंत्री शांति कुमार धारीवाल द्वारा किया गया था। संत भवन का भव्य निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष में पूरा हुआ है। भवन में विशेष रूप से जैन संतों के चातुर्मास को लेकर व्यवस्था की गई है। समाज बंधुओं के वर्ष भर होने वाले आयोजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जन सुविधाओं से युक्त दो बड़े हॉल, रूम, भोजशाला, संपूर्ण रूप से व्यवस्थित और सुसज्जित लिफ्ट युक्त तीन मंजिला भवन 2 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है।

मेनिया नामक मानसिक विकार के विषय पर कार्यशाला 25 को

अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान के दौरान लोगों को मानसिक रोग के प्रति जागरुक किया जा रहा है। आगामी 25 अगस्त को मेनिया नामक मानसिक विकार के विषय पर अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा कोटा द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन दोपहर 2 बजे से 3 बजे किया जा रहा है। मेनिया या उन्माद एक गंभीर मानसिक बीमारी है जिसके कारण व्यक्ति का मूड, ऊर्जा या दुर्व्यवहार बहुत बढ़ जाता है जो दूसरों को भी नजर आता है। इस बारे में जानकारी न होने की वजह से इसे देवी-देवताओं का प्रकोप भी समझ लिया जाता है तथा इलाज में देरी हो जाती है जिससे बीमारी और बढ़ जाती है। इस वर्कशॉप में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मेनिया, इसके लक्षण, इसके कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। यह वर्कशॉप सभी उम्र और वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी रहेगी।

इस वर्कशॉप के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूरी टीम द्वारा मेनिया, इसके प्रभाव को कम करने और इससे बचाव के बारे में जानकारी भी देंगे।

कैथून को नगर निगम में शामिल करने का विरोध

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कैथून नगर पालिका को समाप्त करके नगर निगम कोटा में शामिल करने की चर्चाओं के बीच विरोध शुरू होने लगा है। कैथून पालिकाध्यक्ष आईना महक व लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू के अगुवाई में क्षेत्र की जनता सड़क पर उतरी। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कैथून की जनता अपने कामों के लिए 17 किमी दूर कैसे आएगी। कैथून नगर पालिकाध्यक्ष आईना महक का कहना था कि हाल में लाडपुरा विधायक ने सीएम को लेटर लिखकर कैथून पालिका को समाप्त करके नगर निगम में शामिल करने की मांग की है जबकि कैथून विकसित नगर पालिका है। पहले जो हिस्से नगर निगम में शामिल किए, उनका विकास नहीं हुआ। वहां रोड तक नहीं बनी। कैथून नगर पालिका क्षेत्र में एक रोड कच्चा नहीं है और सभी सुविधाएं है। कैथून की जनता ने नगर निगम में शामिल होने की कोई भी मांग नहीं की है। कैथून को नगर निगम में शामिल कर राजनीतिक द्वेषता के चलते अत्याचार किया जा रहा है। नगर निगम का ऑफिस कैथून से 17 किमी दूर है। जरूरत के कामों के लिए कैथून की जनता को 17 किमी दूर धक्के खाते हुए आना पड़ेगा। हमारी मांग है कि यदि विकास करने की मंशा है तो कैथून नगर पालिका को डी ग्रेड से ए ग्रेड का बना दो ताकि ज्यादा विकास हो। लाडपुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू का कहना था कि स्थानीय विधायक को अगर कैथून की चिंता है तो कैथून नगर पालिका को अपग्रेड करवाए। नगर निगम में शामिल होने से कैथून की पहचान कम हो जाएगी। केवल वार्ड बनकर रह जाएगा। इसको हम नहीं होने देंगे। जनता के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन से भेंट की

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से संगठन के संपर्क अभियान के अंतर्गत उपशाखा कपासन का प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुण्डावत से शिष्टाचार भेंट की गयी।

शिक्षक संघ उपशाखा मंत्री शांतिलाल शर्मा ने बताया की उक्त प्रतिनिधि मंडल में जिला सभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली,मुकेशचंद्र त्रिपाठी एवं शिक्षक संघ उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास द्वारा संगठनात्मक परिचय,संगठन की प्रदेश में इस वर्ष सदस्य संख्या 2 लाख 21 हजार होने एवं विभिन्न गतिविधियों संबंधी जानकारी दी गयी।साथ ही प्रदेश से जारी पत्रक संगठन एक दृष्टि में भेंट किया तथा नवनियुक्त अध्यापको के वेतन नियमितीकरण के आदेश जारी करवाए गये।

शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ब्लॉक निवाई के चुनाव आज

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। टोंक जिला शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ब्लॉक निवाई के चुनाव शुक्रवार को होंगे। टोंक जिला शारीरिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष शिवराज यादव व जिला महामंत्री राजेश चंदेल व आशाराम गुर्जर ने बताया कि शारीरिक शिक्षक संघ ब्लॉक निवाई के चुनाव शुक्रवार को दोपहर 3 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में होंगे। चुनाव अधिकारी रामावतार यादव व रत्तीराम चौधरी होंगे।

लाभार्थी को 2 लाख का चेक सौपा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को 2 लाख का बीमा लाभ एसबीआई राजभवन रोड शाखा के मुख्य प्रबंधक अतुल कुमार द्वारा दिया गया। इस योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक के सभी ग्राहक सालाना 436 रुपए के भुगतान पर दो लाख रुपए के बीमा कवर के लिए पात्र होते हैं एवं किसी भी प्रकार से खाताधारक की मृत्यू होने पर उनके नॉमिनी को बीमा लाभ मिलता है।

अज्ञात कारणों के चलते युवती तालाब में कूदी, मौत

बढ़ता राजस्थान

चौमहला (नि.स.)। झालावाड़ जिले के उन्हैल कस्बे में अज्ञात कारणों के चलते बुधवार शाम को एक युवती तालाब में कूद गई। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई जिसका शव 12 घंटे के बाद गोताखोरों की मदद से निकाला। शव को चोमहला हॉस्पिटल ले जाकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सोंपा। थानाधिकारी मुकेश कुमार यादव ने बताया की उन्हैल नागेश्वर निवासी शिल्पा पुत्री किशन लाल बुधवार शाम को कस्बे में स्थित तालाब पर जाकर पानी में कूद गई। इस बात की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से गुरुवार सुबह 6 बजे 12 घंटे में उसका शव तालाब से बाहर निकालकर पुलिस ने चोमहला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सोंपा मामला संदिग्ध हालात में मृत्यु का दर्ज कर जांच शुरू की मृत्यु के कारण का फिलहाल पता नहीं चला।

लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की सद्भावना यात्रा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। मित्रता और भ्रातृत्व की भावना के साथ लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के 20 सदस्यों ने स्टैचू ऑफ़ यूनिटी की 2 दिवसीय यात्रा की। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत को देखने समझने, सदस्यो के बीच प्रेम भाव बढ़ाने के लिए पीडीजी विशाल माहेश्वरी, जोन चेयरमैन के के राठी, जीएमटी कॉर्डिनेटर श्यामलाल गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन महिला सशक्तिकरण आशा माहेश्वरी के मार्गदर्शन व सानिध्य में यह दो दिवसीय यात्रा रखी गई जिसमे 10 कपल साथ में थे। केवड़िया में सरदार वल्लभ भाई पटेल का वर्ल्ड फेमस स्टेचू , लाइट एंड साउंड शो , एकता वन , ग्लो गार्डन , फ्लावर वैली , कैक्टस गार्डन , बटरफ्लाई गार्डन , पोईचे का स्वामीनारायण नीलकंठ मंदिर दर्शन किए और सभी जगहों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक कलात्मक, पर्यावरण संरक्षण स्बंधित जानकारी ली।

अल्टो कार से 80 किलो से अधिक अवैध डोडाचूरा जब्त

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़, (नि.स.)। डूंगला थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान एक मारूति सुजुकी अल्टो कार से 80.660 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया हैं। ''जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड़ के लिये समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में गुरूवार को एएसपी चित्तौड़गढ़ परबतसिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी बड़ीसादड़ी डॉ. कृष्णा सामरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना डुंगला घेवरचन्द उ.नि. व पुलिस जाप्ता हैड कानि. ललित कुमार, कानि. ओमप्रकाश, जितेन्द्र, जमनालाल व रामधन ने कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान गांव गोदडखेडा पालोद में एक गली में लावारिस हालात में पडी एक सिल्वर रंग की कार मारूति सुजुकी अल्टो दिखी। जिसको संदिग्ध होने पर नियमानुसार तलाशी ली गई तो उक्त कार की डिक्की में कुल 4 कट्टे 80 किलो

600 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा से भरे हुए पाये गये। उक्त वाहन अल्टो कार व अवैध डोडाचूरा को जब्त कर उसके चालक के विरूद्ध पुलिस थाना डुंगला में एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

राजस्थान में आतंकी संगठन से जुड़े 6 लोग गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की भिवाड़ी में छापेमारी, हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे थे

बढ़ता राजस्थान

भिवाड़ी (अलवर)। राजस्थान के भिवाड़ी से आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़े 6 संदिग्धों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम ने चौपानकी से इन संदिग्धों को पकड़ा है। आरोप है कि पकड़े गए संदिग्ध भिवाड़ी जिले में हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे थे। सूत्रों के अनुसार संदिग्धों को दिल्ली ले जाया गया है। फिलहाल इस मामले में भिवाड़ी पुलिस और दिल्ली पुलिस ने कोई भी जानकारी शेयर नहीं की है। दरअसल, एटीएस ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और झारखंड में एटीएस के साथ मिलकर कई शहरों में छापेमारी की है। ऑपरेशन में अल-कायदा से प्रेरित एक मॉड्यूल अल-कायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट का खुलासा हुआ। तीन राज्यों से अब तक कुल 14 संदिग्धों को पकड़ा गया है। शुरुआती जांच के मुताबिक इस मॉड्यूल का संचालन रांची का डॉ. इश्तियाक कर रहा था। वह देश के विभिन्न इलाकों में बड़ी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में जुटा था। मॉड्यूल के सदस्यों को अलग-अलग स्थानों पर हथियार चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई थी।

इंडस्ट्रियल एरिया में रह रहे थे संदिग्ध

एटीएस को भिवाड़ी में आतंकी गतिविधि की जानकारी मिली थी। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे चौपानकी के इंडस्ट्रियल एरिया में दबिश दी गई। जहां सभी 6 संदिग्ध एक साथ रह रहे थे। भिवाड़ी पुलिस को भी इस ऑपरेशन की पहले से जानकारी थी। दावा किया जा रहा है कि लोकल पुलिस पहले से आरोपियों पर नजर रख रही थी। आरोपियों की पहचान का खुलासा अभी नहीं हुआ है। हालांकि, इनके तार झारखंड में पकड़े गए आरोपियों से जुड़े हो सकते हैं।

हथियार भी बरामद किए

भिवाड़ी दौरे पर आए जयपुर रेंज आईजी अनिल कुमार टांक ने बताया- एटीएस की टीम ने गुरुवार सुबह चौपानकी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने भिवाड़ी पुलिस से फोर्स मांगी थी, जो उपलब्ध कराई गई। पूरी कार्रवाई दिल्ली स्पेशल पुलिस की थी, जो उन्हें गिरफ्तार कर सीधा दिल्ली ले गई। उनसे हथियार बरामद किए गए हैं। सभी दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। उनका भिवाड़ी से कोई संबंध नहीं है।

कैसे बना आतंकी संगठन AQIS

अल-कायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट (AQIS) की शुरुआत 2014 में पूर्व अल-कायदा चीफ अयमान अल-जवाहिरी ने की थी। पाकिस्तान मूल का असीम उमर इसका शुरुआती सदस्य था। तब अल-जवाहिरी की तरफ से एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उसने भारत के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों की बात कही थी।

भारत-पोलैंड खाद्य प्रसंस्करण और एआई क्षेत्र में संबंधों को गहरा करने के इच्छुक : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, शहरी बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और एआई जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने के इच्छुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी और पोलैंड समकक्ष डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। बातचीत के बाद उन्होंने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, मुझे अपने मित्र प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत में हमने भारत-पोलैंड संबंधों के पूरे दायरे का जायजा लिया। हम विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण, शहरी बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और एआई जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने के इच्छुक हैं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और मैंने रक्षा और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। यह भी खुशी की बात है कि हम सामाजिक सुरक्षा समझौते पर सहमत हुए हैं, जिससे हमारे लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी और पोलैंड के समकक्ष डोनाल्ड टस्क ने वारसॉ में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं खूबसूरत शहर वारसॉ में गर्मजोशी से स्वागत, शानदार आतिथ्य और मैत्रीपूर्ण शब्दों के लिए प्रधानमंत्री टस्क को धन्यवाद देता हूं। आप लंबे समय से भारत के करीबी मित्र रहे हैं। आपने भारत और पोलैंड के बीच मैत्री को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2022 में यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारतीय छात्रों को बचाने के लिए आपने जो उदारता दिखाई, हम भारतीय उसे कभी नहीं भूलेंगे।

जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में गठबंधन

फारूक अब्दुल्ला ने कहा- सीटों का बंटवारा बाद में होगा; राहुल बोले- हमने मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ा

बढ़ता राजस्थान

श्रीनगर (एजेंसी)। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। गुरुवार, 22 अगस्त को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा, राज्य की सभी 90 सीटों पर दोनों दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे। सीटों को आज रात तक फाइनल कर लिया जाएगा। हमें उम्मीद है कि हम फिर से सत्ता में आएंगे। हमारे दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने श्रीनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करना और इसे वापस राज्य का दर्जा दिलाना सबसे जरूरी है। यहां से मेरा खून का रिश्ता है। ऐसे में उम्मीद है कि चुनाव में लोग हमारा साथ जरूर देंगे।

हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया : राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हमने पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस तोड़ दिया है। अब उनकी छाती 56 इंच की नहीं रही। वे कंधे झुकाकर चलते हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव में गठबंधन तभी होगा जब कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को इज्जत मिलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर हम जम्मू-कश्मीर चुनाव जीतेंगे तो सारा हिंदुस्तान हमारे कब्जे में आएगा। राहुल और खड़गे दो दिन के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। दोनों नेता 21 अगस्त की शाम श्रीनगर पहुंचे। दूसरे दिन दोनों नेता कार्यकर्ताओं से मिले।

राहुल गांधी की स्पीच की बड़ी बातें...

- हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी राज्य का दर्जा छीनकर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। हमारे लिए जरूरी है कि इसे इसका पुराना दर्जा वापस मिले। इसलिए हम सब मिलकर यहां पहले आए हैं।
- मैं पूरे देश में लोकतंत्र की रक्षा करता हूं, लेकिन मेरा लक्ष्य है कि देश के लोगों के दिल में जो यहां के लोगों के लिए डर है, मैं उसे मिटाना चाहता हूं। जो आप लोग सहते हैं। मैं, खड़गे और कांग्रेस इसे मिटाना चाहते हैं।
- कल जब हम आइसक्रीम खाने गए, तो जो लोग वहां थे उन्होंने कहा- आपको जम्मू कश्मीर के लोग अच्छे लगते हैं। मुझे इरिटेशन हुआ। मैंने कहा कि नहीं मुझे यहां के लोग अच्छे नहीं लगते। फिर मैंने कहा- हर बार यहां आता हूं मुझे समझ आता है कि ये पुराना रिश्ता है। खून का रिश्ता है।

सीकर की शेखावाटी यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

सीकर। पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष शेखावाटी यूनिवर्सिटी, सीकर में फीस कम करने और छात्र संघ चुनाव बहाल करने सहित कई मांगों को लेकर छात्र संगठन स्टूडेंट फैडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। शेखावाटी यूनिवर्सिटी से जुड़े अन्य कॉलेजों के स्टूडेंट भी यूनिवर्सिटी में पहुंचकर विरोध जता रहे हैं। छात्र नेता विजेंद्र ढाका और राजू बिजारणियां ने कहा- नई शिक्षा नीति-2020 को लागू कर शिक्षा को महंगी कर देश के आम छात्र-छात्राओं को शिक्षा से वंचित करना पूंजीवादी सरकारों की खास विशेषता है। सरकार नहीं चाहती कि गरीब, मजदूरों व किसानों के बच्चे पढ़ कर आगे बढ़े। इसलिए केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति को लागू कर दिया है। इसके साथ ही शेखावाटी यूनिवर्सिटी की विषयों सहित सेमेस्टर की फीस भी काफी बढ़ा दी गई है। इस यूनिवर्सिटी में ज्यादातर बच्चे मजदूर व किसान वर्ग से आते हैं, जिनके लिए भारी भरकम फीस जमा कराना मुश्किल है।

प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के जलगांव में 11 लाख लखपति दीदियों को देंगे प्रमाण पत्र : शिवराज सिंह चौहान

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के जलगांव में 25 अगस्त को 11 लाख लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देशभर में 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों में 30,000 स्थानों के जिला मुख्यालयों में वर्चुअल माध्यम से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित समारोह में लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देने के साथ संवाद करेंगे। साथ ही 2500 करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड-सामुदायिक निवेश फंड भी जारी करेंगे। जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री 5000 करोड़ रुपये का बैंक ऋण भी जारी करेंगे। जिससे 2,35,400 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि लखपति दीदियां ऐसी महिलाएं हैं जो सालाना एक लाख रुपये या उससे ज़्यादा कमाती हैं। इन लखपति दीदियों ने न सिर्फ़ अपने परिवार को ग़रीबी से बाहर निकाला है अपितु वे आत्मनिर्भर भी बनी हैं।

राजस्थान में विधायक के साथ साइबर धोखाधड़ी कर ठगे गए 90 हजार रुपये

जयपुर। राजस्थान के एक विधायक ने साइबर धोखाधड़ी करके उनके बैंक खाते से 90 हजार रुपए निकाले जाने का मामला दर्ज कराया है। सादुलपुर सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक मनोज कुमार ने जयपुर में अपने साथ साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। ज्योति नगर थाने के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) उदयवीर सिंह ने बताया कि बुधवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी में विधायक ने आरोप लगाया है कि यूपीआई के जरिए धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकाले गए। उन्होंने बताया कि विधायक के बैंक खाते से चार अगस्त को 20 हजार और 20 अगस्त को 70 हजार रुपये निकाले गए।

राजस्थान के एयरफोर्स जवान का कर्नाटक में निधन, पार्थिव देह घर पहुंचते ही मां हुई बेसुध

बढ़ता राजस्थान

नीमकाथाना। कर्नाटक के बेलगाम में राजस्थान के एयरफोर्स जवान बलवीरसिंह तंवर का निधन हो गया। 4 अगस्त को सेना के वाहन से हुए सड़क हादसे में घायल हुए जवान ने 21 अगस्त को 17 दिनों के इलाज के बाद मिलिट्री हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। गुरुवार को जवान के पार्थिव देह को नीमकाथाना स्थित उनके पैतृक गांव आगरी के सेडूडा लाया गया। जहां तिरंगा यात्रा के बाद सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। जवान बलवीर सिंह तंवर एयरफोर्स में टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे। 4 अगस्त को वे बेलगाम यूनिट से हथियार जमा करवाने कारागार की ओर जा रहे थे, तभी सेना के वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां 17 दिनों तक चले इलाज के बाद 21 अगस्त को उनका निधन हो गया। 22 अगस्त की सुबह करीब 5 बजे जवान के पार्थिव शरीर को एम्बुलेंस के जरिए नीमकाथाना सदर थाना लाया गया। हालांकि, पार्थिव देह को सैन्य सम्मान के साथ नहीं लाने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। तिरंगा यात्रा के लिए बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और सैन्य सम्मान की मांग को लेकर नीमकाथाना-जयपुर बाइपास को जाम कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमकाथाना सदर और कोतवाली पुलिस ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की। अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। चार घंटे की बातचीत के बाद सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार पर सहमति बनी और मामला शांत हुआ। दोपहर करीब 12 बजे तिरंगा यात्रा, नीमकाथाना थाने से सात किलोमीटर दूर स्थित पैतृक गांव गणेश्वर की सेडूडा ढाणी के लिए शुरू हुई। तीन किलोमीटर लंबी इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

नोएडा में मंदिर की घंटी बजाने पर प्रदूषण का नोटिस : बोर्ड ने कहा-धीमे और कम देर तक बजाएं; विरोध पर आदेश वापस

बढ़ता राजस्थान

नोएडा (एजेंसी)। यूपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मंदिर की घंटी बजाने को लेकर ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी को नोटिस भेजा। जांच में घंटी की आवाज मानकों से अधिक मिली। बोर्ड ने अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन से घंटी की आवाज कम करने को कहा। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के नोटिस के बाद अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन ने सोसाइटी के वॉट्सऐप ग्रुप और नोटिस बोर्ड पर एक सूचना जारी की। इसमें कहा गया कि लोग घंटी धीरे बजाएं और ज्यादा देर तक न बजाएं। मामला सामने आने के बाद सोसाइटी के लोग नाराज हो गए। उन्होंने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का जमकर विरोध किया। सोशल मीडिया पर इसके विरोध में अभियान चलाया।

राजस्थान में अगले एक सप्ताह भारी बारिश का अलर्ट

फिर एक्टिव हुआ मानसून; कोटा-उदयपुर संभाग में ज्यादा बरसात की संभावना

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान में मानसून एक्टिव होने के साथ ही तेज बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया। बुधवार को जयपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग कई जिलों में 2 इंच से ज्यादा बरसात हुई। बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम के कारण राज्य में अगले एक सप्ताह मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी रहेगा। उधर, बुधवार देर शाम हुई बारिश के बाद अजमेर में आनासागर झील ओवरफ्लो हो गई। चौपाटी की मुख्य सड़क पर पानी भर गया। बारिश थमने के बाद धीरे-धीरे सड़कों से पानी उतरा।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर कोटा, उदयपुर संभाग में देखने को मिल सकता है, जहां 24-26 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है। राजस्थान में इस सीजन में औसत से 44 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है।

24 अगस्त से अतिभारी बारिश का अलर्ट : जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस समय बांग्लादेश व आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र (लो-प्रेशर सिस्टम) बना हुआ है और मानसून ट्रफ लाइन वर्तमान में श्रीगंगानगर, रोहतक से होकर गुजर रही है। इस सिस्टम के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है। इस दौरान भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के जिलों में अगले 5-6 दिन कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)